# विज्ञापन आमंत्रित है..
- संपर्क -
मो. 9329033433



बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 10 जुलाई 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 164 | मूल्य - 5 रुपये














## भाजपा में शामिल हुए तृणमूल के 03 पूर्व सांसदों को मिला राज्यसभा उपचुनाव के लिए टिकट..

**नई दिल्ली। (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में 24 जुलाई को होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर रॉय और प्रकाश चिक बराइक को अपना उम्मीदवार घोषित किया। ये तीनों नेता कुछ घंटे पहले ही तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए तीनों नेताओं ने जून में राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और पार्टी भी छोड़ दी थी। अप्रैल में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत मिलने के बाद राज्य की तीनों राज्यसभा सीट पर भी भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही है। इन सीट के लिए 24 जुलाई को उपचुनाव होंगे और मतगणना भी उसी दिन की जाएगी। एक अलग अधिसूचना में भाजपा ने 30 जुलाई को गुजरात की मांझलपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए सतीशभाई गोविंदभाई पटेल को अपना उम्मीदवार घोषित किया। यह उपचुनाव विधायक योगेशभाई नारनदास पटेल के निधन के कारण कराया जा रहा है। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने साल्ट लेक स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में तीनों नेताओं का भाजपा में स्वागत किया।

# ब्राउन शुगर मामले में म.प्र. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई को हिरासत में लिया गया.. की गई पूछताछ

## जीतू पटवारी ने लगाया दबाव बनाने का आरोप..



**इंदौर, (भाषा)।** *मध्यप्रदेश के इंदौर में करीब 11 ग्राम ब्राउन शुगर की बरामदगी के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के एक अधिकारी ने*

यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुरुआती सबूत जुटाने के बाद हिरासत में लिए गए दोनों व्यक्तियों को पूछताछ के बाद बृहस्पतिवार देर रात छोड़ दिया गया, जबकि तकनीकी और वित्तीय साक्ष्यों की जांच जारी है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नरेंद्र रावत ने संवाददाताओं को बताया,''राजेंद्र नगर पुलिस ने मुखबिर की पुख्ता सूचना के आधार पर इरफान खान उर्फगोलू चंदेरी और संजय कौशल उर्फरॉनी भाई को पकड़ा। उनके कब्जे से 10.8 ग्राम ब्राउन शुगर और एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) बरामद किया गया।''उन्होंने बताया कि इस मादक पदार्थ की बरामदगी के मामले में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

डीसीपी ने बताया कि दोनों आरोपियों से शुरुआती पूछताछ में पता चला कि वे ब्राउन शुगर की इस खेप को नाना पटवारी उर्फ कुलभूषण पटवारी और मानव गंगवानी नामक व्यक्तियों को देने जा रहे थे। ''नाना और गंगवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। गिरफ्तार आरोपियों से उनके संबंधों और अन्य सुरागों को लेकर शुरुआती सबूत जमा करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया और उनके वकील के सुपुर्द किया गया।'' मामले में नाना पटवारी की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच में पता चला है कि उनके खिलाफविजय नगर थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत पुराना मामला दर्ज है और मुख्य आरोपी इरफान खान के साथ उनकी बातचीत के साक्ष्य मिले हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले में तकनीकी साक्ष्य, बातचीत के रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर नाना और गंगवानी को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। रावत ने बताया कि पुलिस की जांच जारी है और इसके आधार पर मादक पदार्थ के नेटवर्क के बारे में मिलने वाले तथ्यों के आधार पर अन्य लोगों के खिलाफभी उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नाना पटवारी पर कुल नौ आपराधिक मामले दर्ज हैं और अन्य लोगों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सियासी बदले की कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके छोटे भाई नाना को झूठे मामले में हिरासत में लिया गया। जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम सम्बोधित बयान में कहा कि इंदौर पुलिस ने उनके भाई को बगैर सूचना के हिरासत में लेकर सियासी संदेश दिया है कि भाजपा अब 'बदला' ले रही है और जो भी सत्ता या मुख्यमंत्री के खिलाफ आवाज उठाएगा, उसे दबाने के लिए 'कानून' का सहारा भी लिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं जानता था कि सरकार की निजी दुर्भावना के चलते मेरे और मेरे परिजनों के खिलाफ झूठी कानूनी कार्रवाइयां जरूर की जाएंगीं। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस 'कानूनी दबाव-प्रभाव से भरी राजनीति' से न तो डरेगी और न ही झुकेगी, बल्कि और ज्यादा ताकत से मैदानी लड़ाई लड़ेगी।






## उत्तराखंड: यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्यानाचट्टी के पास 100 मीटर सड़क तबाह, आवाजाही बाधित

**उत्तरकाशी, (भाषा)।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण बृहस्पतिवार को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्यानाचट्टी के पास सड़क का करीब 100 मीटर हिस्सा भूस्खलन की चपेट में आकर तबाह हो गया, जिससे की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसाईं ने बताया कि शाम को तेज बारिश और भूस्खलन के कारण स्यानाचट्टी में सड़क का करीब 100 मीटर हिस्सा ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि मलबा गिरने और सड़क धंसने के कारण कुल मिलाकर करीब एक किलोमीटर का क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। गुसाईं ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि बड़कोट से यमुनोत्री जाने वाले वाहनों को बड़कोट में और जानकीचट्टी से लौटने वाले वाहनों को जानकीचट्टी में ही रोक दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि मार्ग बंद होने के समय यमुनोत्री धाम में 80 से 120 तीर्थयात्री मौजूद थे, जिनमें से करीब 100 को जानकीचट्टी में रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि अगर शुक्रवार को मौसम साफरहा तो मार्ग को जल्द से जल्द बहाल कर यात्रा फिर से शुरू कर दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीमें मौके पर तैनात हैं लेकिन खराब मौसम के कारण सड़क बहाली का कार्य प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता मनोज रावत ने बताया कि लगातार बारिश और पहाड़ियों से मलबा व पत्थर गिरने के कारण राजमार्ग को दुरुस्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।


## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है।**

**अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा खबरों से जुड़ें।**



## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*

## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं।*

*कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*



















जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




# जीएसटी रिटर्न में देरी पर बालाघाट के 56 व्यापारियों को नोटिस, विलंब शुल्क वसूली की कार्यवाही शुरू..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट वाणिज्यिक कर विभाग ने समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। विभाग ने निर्धारित समय सीमा के भीतर एसटीआर 1 रिटर्न प्रस्तुत नहीं करने वाले 56 पंजीकृत व्यापारियों को विलंब शुल्क के संबंध में सूचना पत्र जारी किए हैं। साथ ही उनसे विलंब शुल्क की वसूली की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।***


राज्य कर सहायक आयुक्त श्रीमती सरिता सिरसाम ने बताया कि प्रत्येक पंजीकृत करदाता के लिए समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करना वैधानिक दायित्व है। इसके बावजूद कई करदाता निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले नियमित मासिक करदाताओं के लिए एसटीआर -1 रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि प्रत्येक माह की 11 तारीख तथा एसटीआर -3 बी की अंतिम तिथि 20 तारीख निर्धारित है।

वहीं, 5 करोड़ रुपये से कम वार्षिक टर्नओवर वाले त्रैमासिक नियमित करदाताओं के लिए एसटीआर -1 की अंतिम तिथि 13 तारीख और एसटीआर -3 बी की अंतिम तिथि 22 तारीख तय की गई है। सहायक आयुक्त श्रीमती सिरसाम ने स्पष्ट किया कि रिटर्न दाखिल करने में विलंब होने पर नियमानुसार विलंब शुल्क, ब्याज एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। लगातार रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं के विरुद्ध जीएसटी पंजीयन निरस्तीकरण जैसी कठोर कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है। वाणिज्यिक कर विभाग ने सभी लंबित करदाताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया जीएसटी रिटर्न तत्काल दाखिल करें तथा भविष्य में निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करें। विभाग के अनुसार समय पर रिटर्न दाखिल करने से कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ती है और कर अनुपालन को मजबूती मिलती है।

विभाग ने यह भी कहा है कि किसी प्रकार की तकनीकी या प्रक्रियागत समस्या होने पर करदाता राज्य कर सहायक आयुक्त कार्यालय, बालाघाट वृत्त अथवा जीएसटी सहायता केंद्र से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

# बालाघाट में जिला पंवार क्षत्रीय संगठन की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक संपन्न..

## राष्ट्रीय पंवार महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की प्रस्तावित बैठक की तैयारियों संहित लिये गए अन्य महत्वपूर्ण निर्णय..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***आज 09/07/26 को जिला पंवार क्षत्रीय संगठन बालाघाट की प्रबंध कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक बालाघाट मुख्यालय में जिलाध्यक्ष श्री विशाल बिसेन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें आगामी 26.07.2026 को राष्ट्रीय पंवार महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की प्रस्तावित बैठक में जिला संगठन द्वारा***

किए जाने वाले कार्य निर्धारित की गए जिसमें मुख्यतः प्रातः 9:00 बजेः सर्वपुज्य राजा भोज प्रतिमा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष एवं समाज जनों द्वारा माल्यार्पण, प्रातः 10:00 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नंदलाल चौधरी द्वारा पौधारोपण, प्रातः 10:30 बजे स्वल्पाहार व्यवस्था, महासभा की बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व प्रातः 11:00 बजे जिला पंवार समाज संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रबंध कार्यकारिणी,राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष का सम्मान किया जाएगा। सभी कार्यक्रम हेतु प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे।

आज जिला संगठन द्वारा निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। प्रस्ताव में जो पदाधिकारी संगठन के कार्यक्रमों में सहयोग नहीं कर रहे, उन्हें पद से निष्कासित कर नए योग्य सदस्यों को मौका देने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। जिला संगठन ने यह भी प्रस्तावित किया कि जिला अधिकारी विधिक प्राधिकरण बालाघाट से भेंट कर पंवार समाज के विवाद निपटारे हेतु थाना जाने से पहले सूचना पत्र जिला संगठन के संज्ञान में लाया जाना सुनिश्चित किया जाए, इस हेतु पुलिस प्रशासन से सहयोग हेतु विचार विमर्श करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

जिला संगठन ने बालाघाट नगर में महिला प्रकोष्ठ नगर कार्यकारिणी का गठन कर दिया है, जिसमे नगर अध्यक्ष श्रीमति इंदु बिसेन, नगर महासचिव श्रीमति वंदना बोपचे नगर कोषाध्यक्ष श्रीमति सुमिता बिसेन को नियुक्त किया गया हैं। जिला संगठन प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय महासभा की बैठक के कारण आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह को स्थगित कर शरद महोत्सव के साथ करने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया है।

आज प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन, जिला महासचिव डॉ राजेंद्र एल कटरे, जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रतिभा बिसेन, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र राहंगडाले, जिला सहसचिव अधिवक्ता अजय बिसेन, जिला उपाध्यक्ष गायत्री बिसेन,जिला उपाध्यक्ष गरिमा गौतम उपस्थित रहे।

# बालाघाट में अभाविप ने भव्य भारत माता आरती एवं वंदेमातरम गान के साथ मनाया 78 वां स्थापना दिवस..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज 09 जुलाई को बालाघाट में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत काली पुतली चौक पर भव्य भारत माता आरती की गई, जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ साथ पूर्व कार्यकर्ता, नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, तथा सभी ने अभावितप के गौरवशाली इतिहास को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्पूर्ण वंदे मातरम् का गायन किया गया, इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने विधिवत भारत माता की आरती की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर, मिष्ठान वितरित कर एवं अभाविप के प्रेरणादायी गीतों की धुन पर पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को यादगार बनाया। कार्यक्रम स्थल को पुष्पों एवं रंगोली से बड़ी सुंदरता से सजाया गया था, जिसमें अभाविप के 78वें स्थापना दिवस की झलक स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी।



## बोले आदित्य अग्रवाल..

इस अवसर पर जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं अभाविप का स्थापना दिवस एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि विद्यार्थी शक्ति के संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में आज का दिवस सबसे प्रमुख रहा, क्योंकि यह दिवस संगठन की स्थापना की उस भावना का स्मरण कराता है जिसके आधार पर लाखों विद्यार्थी ज्ञान, शील और एकता के मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा में समर्पित हुए हैं।

## बोले कलश असाटी..

नगर मंत्री कलश असाटी आगे कहा कि विद्यार्थी परिषद प्रारंभ से ही व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के मूल मंत्र पर कार्य करती आई है, और आज का यह भव्य आयोजन उसी परंपरा की एक कड़ी है। उन्होंने उपस्थित सभी वर्तमान एवं पूर्व कार्यकर्ताओं तथा नगर के गणमान्य नागरिकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम को सफल एवं गरिमामय बनाया।

## वरिष्ठों ने भी किया संबोधित..

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व कार्यकर्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए वर्तमान कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पण एवं निरंतर सक्रियता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में राष्ट्रभक्ति एवं उल्लास का वातावरण बना रहा, तथा उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में भारत माता की जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी, तथा तभी से प्रतिवर्ष इस दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर जिलेभर में साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कोमल भंडारकर, कुबेर सिंह बैस, राहुल बुरडे, अमन दशरिए, प्रियांशु तिवारी, आरव कुमरे, मुदित धनेश्वर, आशु पटले, भारती ठाकरे, प्रियांशु तिवारी, सागर कोहले, लक्की बुरडे, मोहित बोकड़े, हार्दिक बुरडे, रोहित कोल्हे, हिमांशु हरिनखेड़े, अभय बांगड़े, प्रख्यात मिश्रा, आर्या चौधरी, नारायण पटले, क्रिश सोनवाने, आशा डोंगरे, खुशी मुनेश्वर एवं समस्त पूर्व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा..

## 13 साल बाद बैहर न्यायालय का फैसला..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***माननीय अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, तहसील बैहर, जिला बालाघाट ने न्यायालय के विशेष प्रकरण थाना रूपझर के अप.क्र 23/2013 में आरोपी रामसिंह उर्फ रामू पिता तुलसीराम परते, जाति गोण्ड, उम्र 26 वर्ष, सा. खुरसुड़, पुलिस चैकी डोरा, जिला बालाघाट को***

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 341 एवं 354 के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए क्रमश 01-01 माह साधाराण कारावास एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363 एवं पाक्सो की धारा 8 के आरोप में 03-03 वर्ष सश्रम कारावास 500-500रू के अर्थदण्ड एवं अर्थदण्ड अदायगी के व्यतिक्रम में 03 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतने हेतु दंडित किया गया। अभियोजन की ओंर से पैरवी श्री अभय सिंह ठाकुर, विशेष लोक अभियोजक, बैहर द्वारा की गई।

## पेपर देने निकली थी कक्षा 9 वीं की छात्रा..

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 21.03. 2013 को करीब 12.3 बजे अभियोक्त्री अपनी सहेली के साथ अपनी सायकिल से डोरा स्कूल कक्षा 9 वीं का विज्ञान विषय का पेपर देने के लिये निकली थी, तभी मेन रोड पुजारी नाला के टेक (चढ़ाई) के पास पहुंचे, तो रोड पर गांव का रामसिंह परते दिखा जिसने पास आने पर अभियोक्त्री का रास्ता रोकर उसकी सायकिल को रोककर धक्का देकर गिरा दिया तो अभियोक्त्री अपनी सायकिल उठाने लगी तो अभियुक्त रामसिंह ने उसका दाहिना हाथ बुरी नियत से पकड़कर खींचने लगा तथा जंगल की ओर ले जाने लगा तो अभियोक्त्री रोने लगी तो अभियुक्त ने अभियोक्त्री का मुंह अपने हाथ से दबाया तथा बोला कि चिल्लाई तो तेरे को जान से खत्म कर दूंगा तो अभियोक्त्री की सहेली अभियुक्त को बोली कि ऐसा क्यों कर रहा है तो अभियुक्त बोला कि तू परीक्षा देने चली जा, मैं इसको नही छोडूंगा तो वह डोरा तरफचली गई तब रामसिंह अभियोक्त्री को जंगल तरफअंदर ले जा लिया, इतने में नाले के पास एक मोटर सायकिल जिसमें तीन लोग थे तथा उसकी सहेली शीलावती पहुंचे तो रामसिंह ने अभियोक्त्री को छोड़कर भाग गया नही तो रामसिंह, अभियोक्त्री की इज्जत खराब कर देता। अभियोक्त्री द्वारा उक्त घटनहा के संबंध में पुलिस चैकी डोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई जिसके आधार पर पुलिस थाना रूपझर में अपराध क्र. 23/2013 धारा 341, 323, 506, 354 भा.दं.सं. के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। विचारण उपरांत माननीय न्यायालय ने अभियोजन साक्ष्य एवं अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होते हुए आरोपी को उपरोक्त सजा से दण्डित किया।

# बालाघाट में आशा कर्मचारियों ने लंबित मांगों के निराकरण हेतु प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन..

## समस्याओं का शीघ्र समाधान नही होने पर करेंगे आंदोलन तेज - बोली राष्ट्रीय महामंत्री गीता कटरे बोली



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ की इकाई के आह्वान पर आज 09 जुलाई दिन गुरुवार को बालाघाट जिले की आशा कर्मचारियों ने अपने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रधानमंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, और सभी समस्याओं का शीघ्र एवं स्थायी समाधान की मांग की।***

आशा कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय महामंत्री गीता कटरे ने कहा कि हाल ही में पुणे (महाराष्ट्र) में अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक 30 एवं 31 जून 2026 को आयोजित की गई थी। जिसमें विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारियों ने आशा कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति, कार्य परिस्थितियों तथा लंबित मांगों पर चर्चा कर बैठक में यह निर्णय लिया कि देशभर के जिला मुख्यालयों पर एक साथ ज्ञापन देकर केंद्र एवं राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित कराया जायेगा, जिसके तहत आज हमने ज्ञापन सौंपा है। श्रीमती गीता कटरे ने आगे बताया कि गत वर्ष 7 अक्टूबर 2025 को भी देशभर के जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित कर सरकार को ज्ञापन सौंपा गया था, बावजूद अब तक मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी कारण आज हम पुनः मांगपत्र सहित ज्ञापन प्रस्तुत कर सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## ■ कर्मचारियों में आक्रोश.. बोली गीता कटरे

ज्ञापन में उल्लेखित विषय पर गीता कटरे ने बताया कि आशा योजना में कार्यरत कर्मचारी वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम पंक्ति में रहकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, जनस्वास्थ्य जागरूकता, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन सहित अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त मानदेय, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे उनमें व्यापक असंतोष व्याप्त है। आशा कर्मचारी वर्षों से स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी बनी हुई है, तथा कोरोना काल सहित हर विषम परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया है। ऐसे में सरकार को भी उनके हितों की रक्षा करते हुए उनकी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए।

## ■ तो फिर करेंगे व्यापक उग्र आंदोलन..

श्रीमती गीता कटरे ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार आशा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में शीघ्र सकारात्मक पहल करने का यदि निर्णय नहीं लेती है तो फिर महासंघ आगामी दिनों में व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाने तथा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# बालाघाट जिले में 09 जुलाई तक 311 मिली मीटर औसत वर्षा हुई दर्ज, पिछले वर्ष से कम हुई वर्षा..

## वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 434 मिलीमीटर और बिरसा तहसील में सबसे कम 192 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड

## जिले में बीते 24 घंटे में 06 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड



**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 09 जुलाई 2026 तक कुल 311 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 545 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 जून से 09 जुलाई तक 376 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए।

कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 06 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 08 मिलीमीटर, वारासिवनी में 05 मिलीमीटर, बैहर में 04 मिलीमीटर, लांजी में 00 मिलीमीटर, कटंगी में 04 मिलीमीटर, किरनापुर में 06 मिलीमीटर, खैरलांजी में 03 मिलीमीटर, लालबर्रा में 05 मिलीमीटर, बिरसा में 01 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 03 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 22 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। चालू वर्ष में 01 जून से 09 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 434 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 192 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इ

स अवधि में बालाघाट तहसील में 422 मिलीमीटर, बैहर में 417 मिलीमीटर, लांजी में 290 मिलीमीटर, कटंगी में 253 मिलीमीटर, किरनापुर में 414 मिलीमीटर, खैरलांजी में 156 मिलीमीटर, लालबर्रा में 292 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 271 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 283 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 706 मिलीमीटर, वारासिवनी में 858 मिलीमीटर, बैहर में 697 मिलीमीटर, लांजी में 230 मिलीमीटर, कटंगी में 532 मिलीमीटर, किरनापुर में 519 मिलीमीटर, खैरलांजी में 225 मिलीमीटर, लालबर्रा में 672 मिलीमीटर, बिरसा में 403 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 664 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 486 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### जनपद सदस्य बबलेश ठाकुर ने कलेक्टर से की शिकायत..

# कान्हीवाड़ा विद्युत वितरण केंद्र के जेई की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल..




**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

***जनपद पंचायत सिवनी के वार्ड क्रमांक-17 के जनपद सदस्य बबलेश ठाकुर ने जिला कलेक्टर सिवनी को जनसुनवाई के माध्यम से आवेदन सौंपकर कान्हीवाड़ा विद्युत***

वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता (जेई) गोपाल सिंह उइके की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। आवेदन में क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग, उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं होने तथा विभागीय व्यवस्था में लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं।

आवेदन के अनुसार, सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन कान्हीवाड़ा क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आए दिन बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि पहले गर्मी के मौसम में ओवरलोड का हवाला देकर बिजली बाधित होती थी, जबकि अब बारिश के मौसम में हल्की बारिश या पानी गिरने पर भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जनपद सदस्य ने आरोप लगाया है कि प्री-मानसून मेंटेनेंस कार्य सही ढंग से नहीं किए जाने के कारण बारिश शुरू होते ही विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। आवेदन में आमाकोला शासकीय हाई स्कूल का भी उल्लेख किया गया है, जहां पहले घरेलू फीडर के ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति होती थी, लेकिन उसे कृषि फीडर से जोड़ दिए जाने के कारण विद्यालय में नियमित बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे विद्यार्थियों को बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अध्ययन करना पड़ रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता तथा उपभोक्ताओं के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया जाता है। जनपद सदस्य का आरोप है कि संबंधित अधिकारी के पदभार संभालने के बाद से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था लगातार बदहाल हुई है।

आवेदन में एक और गंभीर आरोप लगाया गया है कि संबंधित कनिष्ठ अभियंता कान्हीवाड़ा मुख्यालय में निवास नहीं करते तथा सिवनी से आकर सप्ताह में केवल दो से तीन दिन ही मुख्यालय में उपस्थित रहते हैं। जनपद सदस्य का कहना है कि इससे उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं हो पाता और विद्युत व्यवस्था प्रभावित होती है।

जनपद सदस्य बबलेश ठाकुर ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित अधिकारी का अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने स्वयंसेवकों के सेवा भाव, अनुशासन और तत्परता की सराहना

### सिविल डिफेंस वालंटियर्स का 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न..







**जगप्रेरणा सिवनी।**

***गृह रक्षा, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन संगठन, मध्यप्रदेश भोपाल के तत्वावधान में आयोजित सिविल डिफेंस वालंटियर्स का सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम***

बुधवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 2 जुलाई से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया।

समापन सत्र में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने स्वयंसेवकों द्वारा फायर फाइटिंग, सर्च एंड रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, सीपीआर सहित विभिन्न आपदा प्रबंधन तकनीकों का प्रदर्शन देखा। वालंटियर्स ने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने, घायलों को सुरक्षित निकालने, आग पर नियंत्रण तथा जीवनरक्षक उपायों का सफल प्रदर्शन कर अपनी दक्षता का परिचय दिया।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य संकट की घड़ी में लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने स्वयंसेवकों से व्यक्तिगत संवाद कर प्रशिक्षण के अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का भाव ही सिविल डिफेंस की सबसे बड़ी पहचान है। प्रशिक्षित वालंटियर्स प्रशासन की आपदा प्रबंधन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और प्राकृतिक आपदा, सड़क दुर्घटना, अग्निकांड अथवा अन्य आपात स्थितियों में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग केवल अभ्यास तक सीमित न रखते हुए समाज और मानवता की सेवा में करें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रारंभिक कुछ मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे समय में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की तत्परता अनेक लोगों का जीवन बचा सकती है। इसलिए सभी वालंटियर्स सदैव तैयार रहें तथा समय-समय पर अभ्यास के माध्यम से अपनी दक्षता को और मजबूत बनाते रहें।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती मीना ने सभी प्रशिक्षार्थियों को टी-शर्ट एवं प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने आश्वस्त किया कि आगामी समय में वालंटियर्स को पहचान पत्र एवं रिफ्लेक्टिव जैकेट भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे राहत एवं बचाव कार्यों के दौरान अधिक प्रभावी ढंग से अपनी सेवाएं दे सकें।

इस अवसर पर सिविल डिफेंस वालंटियर श्री महेश बिसेन के साहसिक कार्य की भी विशेष सराहना की गई। उन्होंने जिला चिकित्सालय के वार्ड क्रमांक-7 में 7 जुलाई 2026 को लगी आग पर फायर एक्सटिंग्विशर की सहायता से तत्काल नियंत्रण कर बड़ी दुर्घटना को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उनके साहस, सूझबूझ एवं त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने उन्हें 5,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एस आर आजमी, प्लाटून कमांडर धनेंद्र अंगारे एवं एसडीआरएफ टीम उपस्थित थे।

# प्रहलाद बघेल बने पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***प्रहलाद बघेल को नेताजी सुभाष चंद्र बोस हायर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 1 से लेकर 12 तक का पालक शिक्षक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।***

इस अवसर पर बीते 8 जुलाई को एस.एम.सी. पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त बालक पालक और शाला का स्टाफ उपस्थित रहा सभी की सहमति से पहलाद बघेल को पालक शिक्षक संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य की श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद साबिर खान, श्रीमती सुनीता डेहरिया डी .पी.शिवेदी, राजकिशोर दुबे, श्रीमती पूजा पांडे मनोज नाग, अभिलाष मिश्रा, श्रीमती अकीला खान एवं संस्था का स्टाफ उपस्थित रहा इस अवसर पर पहलाद बघेल का शाला परिवार की ओर से सम्मान किया गया अपने वक्तव्य में प्रहलाद बघेल ने कहा कि हमेशा इस संस्था की सेवा करता रहूंगा संस्था में जिस प्रकार से भी मेरी आवश्यकता होगी मैं अपना भरपूर प्रयास देने के साथ संस्था के सुचारू संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता रहूंगा अंत में आभार प्रदर्शन मोहम्मद साबिर खान ने और मंच संचालन श्रीमती पूजा पांडे द्वारा किया गया।

# अखाड़ा चैंपियन शिप का शानदार आयोजन..







### प्रथम विजेता रहमानी अखाड़ा चैंपियन बना, उपविजेता झिरिया मोहल्ला अखाड़ा जबकि तीसरे स्थान पर रहा मगलीपेट कदीमी अखाडा..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंजूर रज़ा क़ादरी कार्यक्रम प्रवक्ता द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया की उर्दू तिथि 18 मोहर्रम को रात्रि में उर्दू स्कूल ग्राउंड मुस्लिम अखाड़ों की जिला स्तरीय चैंपियन सिप आयोजित की गई थी जिसमें सिवनी शहर एवं ज़िले के अखाड़ों ने शिरकत की थी देर रात्रि तक प्रोगाम आयोजित किया गया जिसमें चार निर्णायक थें जो छिंदवाड़ा नैनपुर जबलपुर से आएं थे जिन्होंने सभी मुस्लिम अखाड़ों के शानदार प्रदर्शन पर अपना निर्णय लिया।

जिसमें पहला पुरस्कार विजेता अखाडा रहमानी अखाड़ा टिपू सुल्तान चौक हड्डी गोदाम दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले अखाडा झिरिया मोहल्ला जबकि तीसरा स्थान प्राप्त करने वाला अखाडा कदिमी अखाडा मगलीपेट रहा। सभी अखाड़ों को चैंपियन सिप आयोजित समिति द्वारा सम्मानित किया गया इस आयोजन में ज़िले भर के लगभग 14 अखाड़ों ने शिरकत की आयोजन समिति अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान क़ादरी संयोजक शोएब नवाब नबबू भाई पार्षद इब्राहिम भाई सूफ़ी मंज़ूर रज़ा क़ादरी नाजिम खान जिशान ख़ान एवं आयोजन समिति यंग मुस्लिम अखाडा झिरिया मोहल्ला ने इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

जिसमें जिला प्रशासन नगर पालिका परिषद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया समस्त सम्माननीय मित्रों दोस्तों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# जिला महिला कांग्रेस द्वारा उपवास रख कर की गई कार्यवाही की मांग




**जगप्रेरणा सिवनी।**

***आज दिनांक 9 जुलाई 2026 को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेतिया के निर्देशन पर जिला महिला कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी***

इंदिरा भवन के प्रांगण में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सामने भगवान श्रीराम के मंदिर अयोध्या में हुए दान चोरी के विरोध में 12 बजे से उपवास रखा। जैसा कि सर्वविदित है भगवान श्रीराम के मंदिर में हुई करोड़ो की चोरी के प्रकरण में प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही पर भाई भतिजावाद अपनाकर दोषियों को बचाया जा रहा है महिला कांग्रेस द्वारा इसके विरोध में समुचे प्रदेश में एक दिवसीय उपवास कर केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार से सख्ती से कार्यवाही की मांग की जा रही है। भाजपा सरकार एक ओर तो धर्म के नाम पर राजनीति करती है वही दूसरी तरफरामभक्तों द्वारा श्रद्धापूर्वक दिए गए दान की सुरक्षा करने में पूरी तरह नाकाम रही है शंका की पुष्टि हो चुकी है कि इस दान के लूट में भाजपा और उनके सहयोगी संगठन शामिल है, यही कारण है कि अरबो रूपय की चोरी का पता लगने पर भी जांच देर से की गई, सीधे तौर पर लूट में शामिल भाजपा के करीबी लोगो को बचाने का प्रयास किया गया है भाजपा सरकार श्रीराम मंदिर की रक्षा करने में पूरी तरह विफ्ल रही है। महिला कांग्रेस ने मांग की है कि भगवान श्रीराम जी के मंदिर में हुई चोरी की घटना के दोषियों के विरूद्ध एफआई.आर दर्ज कर आरोपियों पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी इस आंदोलन में प्रमुख रूप से सहभागी रहें इनके साथ महिला कांग्रेस की श्रीमती आशा सनोडिया, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, श्रीमती आशा चंदेल, श्रीमती निताशा बघेल, श्रीमती आशा भलावी, श्रीमती गीता तिवारी, श्रीमती शबनम खान, श्रीमती बरखा बघेल, श्रीमती किरण करवेती, श्रीमती तृप्ति नामदेव, श्रीमती नीकिता सिंह बैस, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती सोनी डागोर, श्रीमती आसमा भलावी, श्री जेपीएस तिवारी, विनोद यादव, लखनसिंह बेलिया, मिठ्ठनलाल पन्द्रे धनौरा, यशपालसिंह भलावी, आदित्य मोन्टू भूरा, श्रीमती सोना बेलिया, श्रीमती सियाबती, श्रीमती सब्बो नायक, श्रीमती सुनीता सराठे, श्रीमती सविता बर्मन, श्रीमती संजना उइके, श्रीमती सरला कुशवाहा सुनवारा, श्रीमती मालती झारिया, श्रीमती रमता बाई, श्रीमती पुष्पा झारिया, श्रीमती उर्मिला डहेरिया, श्रीमती सुखवती, श्रीमती ज्योतिका बिसेन सहित बडी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रही।

# 11 से 14 जुलाई तक होगा आर्ट ऑफ लिविंग का 'हैप्पीनेस प्रोग्राम'..

### सुदर्शन क्रिया के माध्यम से मिलेगा तनावमुक्त एवं आनंदमय जीवन का अनुभव..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***द आर्ट ऑफलिविंग द्वारा 11 से 14 जुलाई 2026 तक प्रातः 6:30 बजे से 9:00 बजे तक चार दिवसीय 'हैप्पीनेस प्रोग्राम' का आयोजन किया जा रहा है।***

इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तनावमुक्त, स्वस्थ, ऊर्जावान एवं प्रसन्न जीवन जीने की कला से परिचित कराना है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम, योग, ध्यान तथा जीवन को सकारात्मक बनाने वाले व्यावहारिक ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक माना जाता है।

आर्ट ऑफ लिविंग के अनुसार नियमित अभ्यास से आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता में वृद्धि, तनाव, चिंता एवं नकारात्मक भावनाओं से राहत, मानसिक शांति एवं एकाग्रता में सुधार, निर्णय लेने की क्षमता का विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, स्वस्थ एवं मधुर संबंधों का निर्माण, कार्य एवं पारिवारिक जीवन में बेहतर संतुलन तथा रचनात्मकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। आयोजकों ने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी इच्छुक महिला एवं पुरुष इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। विश्वभर में करोड़ों लोगों ने सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव किया है। इच्छुक प्रतिभागी निम्न लिंक पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं: **https//aolt.in/ v®xzvv** अधिक जानकारी एवं पंजीकरण हेतु संपर्क करें: 7000386614 9309707393 द आर्ट ऑफ लिविंग ने सिवनी जिले के सभी नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाकर तनावमुक्त, स्वस्थ एवं आनंदमय जीवन की दिशा में एक सकारात्मक कदम बढ़ाने का आग्रह किया है।

### वित्तीय साक्षरता कार्यशाला में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा एवं बैंकिंग की दी जानकारी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

शासकीय सांदीपनि विद्यालय, सुकतरा में गुरुवार को विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, साइबर सुरक्षा तथा बीमा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम में लीड बैंक प्रबंधक श्री प्रवीण दिसोरिया ने विद्यार्थियों को केवाईसी, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा बढ़ते साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। वहीं, वित्तीय साक्षरता केंद्र के श्री राजेंद्र सदाफल ने बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत, विभिन्न बैंक खातों, ऋण सुविधाओं एवं बीमा योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वित्तीय रूप से जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री गोस्वामी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कान्हा से पेंच कारीडोर के निकट बाघो के बढते हमले और मानव मौत पर अंतर्राष्टीय मिडिया ने भी दिखायी गंभीरता

## फाईनेशियल टाईम्स लंदन की टीम वारासिवनी सहित अन्य जगहो पर स्टोरी कवर करते आयी नजर..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***कान्हा से पेंच टाईगर रिजर्व के मध्य कारीडोर के किनारे ग्रामीण क्षेत्रो मे बाघो की बढती संख्या जंहा अच्छा समाचार प्रतित हो रही है। वही इन क्षेत्रो मे मानव के उपर बाघो के हमले की बढती घटनाओ ने विभाग सहित सभी को चिन्तित भी कर दिया है।***

कारीडोर के किनारे मानव के उपर बाघ के हमलो की बढती घटनाओ की चर्चा अब राष्टीय नही अपितू अंतरार्ष्टीय स्तर पर हो रही है। आज अंतरार्ष्टीय मिडिया मे बडा नाम फाईनेंशियल टाईम्स लंदन की टीम मे साउथ एशिया के प्रमुख मिस्टर आंद्रे अर्जेंटाईना निवासी, दिल्ली ब्यूरो ज्योत्सना सिंह ने बालाघाट आकर इस तरह की घटनाओ को करीब से जानने का प्रयास किया। साथ ही कारीडोर के किनारे ग्रामो का भ्रमण कर बाघ के हमले की घटनाओ को करीब से जानने की कोशिश की। इस दौरान सहयोगी के रूप मे उनके साथ सोनेवानी अभ्यारण संघर्ष समिति के अध्यक्ष सिंकदर मिश्रा भी घटनाओ की पडताल मे साथ रहे।

### अंतराष्टीय पत्रकारो के निकट ही टाईगर ने कर दिया महिला पर हमला..

इस टीम ने बाघ के हमले और टाईगर के व्यवहार सहित मानव और टाईगर की मौत पर रिसर्च करने का बारिकी से काम किया। इस दौरान आज जब वे अपने स्टोरी को आगे बढाते हुये बरघाट के निकट आगरवाडा ग्राम पहुचे तो इसी दौरान पुन एक बाघ ने बकरी चराने वाली 35 वर्षीय महिला उर्मिला सिंह पर हमला कर दिया। जिसे तत्काल सिवनी के चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। यह घटना कक्ष कंमाक 286 मे घटित हुयी है। यह इलाका भी कारीडोर से लगा हुआ है।

### वन विभाश्ग के बडे अधिकारीयो से भी हुयी चर्चा..

अपनी स्टोरी को प्रमाणिकता देते हुये फाईनेशियल टीम ने आज दोपहर समय मे वन विभाग के डीएफओ उत्तर मंडल रेशम सिंह धुर्वे से भी लंबी चर्चा की है। जिसमे बैहर क्षेत्र मे मिले एक टाईगर के कंकाल की घटना मे गिरफ्तार पांच आरोपी सहित अन्य घटनाओ की जानकारी विस्तार से ली गयी।

### एक ही क्षेत्र मे पांच लोगो का शिकार किया बाघ ने..

इसी तरह कारीडोर के किनारे जिले के अन्य एक क्षेत्र मे दो माह के भीतर एक ही बाघ के द्वारा 12 किमी के दायरे मे पांच लोगो की जाने ली गयी है। इस विषय को भी अंतरार्ष्टीय मिडिया ने प्रमुखता से लिया है। इस विषय मे विभाग के द्वारा टाईगर को चिन्हित भी कर लिया गया है। जिसे पकडने का प्रयास विभाग द्वारा गंभीरता से किया जा रहा है। इस घटना मे पांच ग्रामो मे पांडरवानी, संतरा अखीवावाडा, डोरली,चहरवाही और बीजाटोला का नाम शामिल है।

### सिंकदर मिश्रा की खीची बाघ वाली फोटो नजर आयेगी अंतरार्ष्टीय मिडिया मे..

आज बाघ की बडती संख्या और मानव पर उसके हमले की स्टोरी मे वारासिवनी व लालबर्रा क्षेत्र के सिलेझरी व सोनेवानी का जिक्र भी आया है। जिसमे सोनेवानी अभ्यारण समिति के अध्यक्ष सिंकदर मिश्रा ने विश्व प्रसिद्व मिडिया को यहा बाघो की बढती संख्या का विस्तार से परिचय कराकर उन्हे बाघो की रियल तस्वीर भी उपलब्ध करायी है। जिसे ग्रहण कर बकायदा इन वास्तविक तस्वीरो के बदले अंतरार्ष्टीय मिडिया ने उन्हे नियमानुसार पेमेंट भी अदा किया है।

# राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड जांच शिविर का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण..









जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 6 से 10 जुलाई 2026 तक जिला प्रशिक्षण केंद्र, वारासिवनी में आयोजित राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड जांच शिविर के तीसरे दिन 08 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन ने शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया।***

शिविर पहुंचने पर स्काउट-गाइड कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर, स्कार्फ पहनाकर तथा जनरल सैल्यूट के साथ सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के सौंदर्यीकरण का संदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने जिला प्रशिक्षण केंद्र के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा स्काउट-गाइड प्रतिभागियों से सीधे संवाद कर प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्काउटिंग, सु-नागरिकता, अनुशासन एवं सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को जीवन में इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राज्य पुरस्कार जांच शिविर में शामिल सभी स्काउट-गाइड को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिला परियोजना समन्वयक श्री मोहित डहरिया ने प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 6 से 10 जुलाई तक आयोजित इस राज्य पुरस्कार जांच शिविर में कुल 80 स्काउट-गाइड भाग ले रहे हैं, जिनमें भोपाल के 16, विदिशा के 6, जबलपुर के 14 तथा सर्वाधिक 41 प्रतिभागी बालाघाट जिले से शामिल हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी ने शिविर की व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण की सराहना करते हुए जिले के सभी विद्यालयों में स्काउट-गाइड गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। शिविर का संचालन शिविर संचालक श्री रमेश बारिया के नेतृत्व में किया जा रहा है। सहायक शिविर संचालक के रूप में श्री रामचंद्र सोलंकी, श्री नायक राजपूत, श्रीमती सायराबानो, सुश्री निर्मला बेनर्जी एवं श्रीमती रिजवाना परवीन अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बालाघाट जिले में शिविर के संचालन की जिम्मेदारी जिला संगठन आयुक्त श्री इनेंद्र डहरवाल निभा रहे हैं।

इस अवसर पर जिलासंघ बालाघाट के कोषाध्यक्ष श्री भेजेंद्र चौधरी, डीटीसी श्री डोलीराम भगत, सचिव श्री राजकुमार टेमरे, श्री सोहनलाल पटले, श्री सुरेंद्र सिंह पंद्रे, श्री नंदकिशोर आड़े, श्री भुनेंद्र सीलेकर, श्रीमती लक्ष्मी विष्णु पटले, श्रीमती नीता बोपचे, श्रीमती रत्नमाला गौरे सहित अन्य जिलों से आए स्काउटर-गाइडर श्री संजू मेवाड़े, श्री शुभम ठाकुर, श्री भागीरथ शर्मा, श्रीमती फरहद खान, श्रीमती निशा शेंडगे तथा कुमारी रितिका कुशवाहा उपस्थित रहे।

# केरल के विद्यार्थियों का पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी में भव्य स्वागत..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी में केरल राज्य से आए विद्यार्थियों का पारंपरिक एवं भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में उत्साह और राष्ट्रीय एकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।***

विद्यालय के प्राचार्य श्री संदीप जैन ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा राष्ट्रीय एकता **(National Integration)** को बढ़ावा देने के लिए प्रवजन नीति **(Migration policy)** के अंतर्गत कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों का आदान-प्रदान हिन्दी भाषी एवं अहिन्दी भाषी राज्यों के बीच किया जाता है। इसी क्रम में केरल के पथानामथिट्टा जिले से कक्षा 9 के 24 विद्यार्थी यहां अध्ययन हेतु पहुंचे हैं एवं जनवि बालाघाट से इतनी ही संख्या में कक्षा 9 के विद्यार्थी स्टाफ के संरक्षण में जनवि पट्टमथिट्टा , केरल भेजे गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, वेशभूषा एवं जीवनशैली से परिचित कराना है, जिससे वे न केवल हिन्दी भाषा को बेहतर ढंग से सीख सकें, बल्कि राष्ट्रीय एकता और विविधता में एकता की भावना को भी आत्मसात कर सकें।

बालाघाट की परंपरा के अनुरूप अतिथियों के स्वागत में कोई कमी नहीं रखी गई। प्राचार्य श्री संदीप जैन, उप प्राचार्य श्री रणवीर सिंह, वरिष्ठ शिक्षक श्री बी.आर. पटेल एवं माइग्रेशन प्रभारी डॉ. बी. सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा तिलक लगाकर विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने आपसी भाईचारे, सांस्कृतिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।

# एकीकृत कृषि क्लस्टर ने छाया कुम्हलवार दी आत्मनिर्भरता की नई पहचान..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकासखंड वारासिवनी के ग्राम कोलिवाड़ा की निवासी श्रीमती छाया कुम्हलवार ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। एक समय खेतों में मजदूरी कर परिवार का***

भरण-पोषण करने वाली छाया आज अपने स्वयं के ब्यूटी पार्लर का सफल संचालन कर रही हैं और आर्थिक रूप से सशक्त बन चुकी हैं। ऐसे परिवर्तनकारी उदाहरणों का दस्तावेजीकरण और प्रसार ग्रामीण महिलाओं को प्रेरित करने के लिए भी किया जाता है। वर्ष 2022 में हरितक्रांति आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुडने के बाद छाया कुम्हलवार को आरएफ, सीआईएफतथा कैश क्रेडिट लिमिट (ष्टष्टरु) के माध्यम से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस सहयोग से उन्होंने अपने गांव में ब्यूटी पार्लर की शुरुआत की। मेहनत, लगन और कौशल के बल पर उनका व्यवसाय लगातार आगे बढ़ा और आज वे प्रतिमाह लगभग 7,000 रुपये की नियमित आय अर्जित कर रही हैं। समूह से जुडने से पहले उनकी व्यक्तिगत मासिक आय लगभग 5,000 रुपये तथा परिवार की आय 12,000 रुपये थी। वर्तमान में उनकी व्यक्तिगत आय बढ़कर 23,000 रुपये तथा परिवार की मासिक आय लगभग 30,000 रुपये हो गई है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से उन्होंने अपने परिवार के लिए पक्का मकान बनाया और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई, जिससे पूरे परिवार के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया। श्रीमती छाया कुम्हलवार बताती हैं कि स्वयं सहायता समूह से मिला विश्वास, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत बना। आज वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक रीढ़ हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। एकीकृत कृषि क्लस्टर (ढ्ढस्नष्ट) एवं मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, स्वरोजगार और सम्मानजनक जीवन की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही है।

# युवक का फंदे में लटका मिला शव





गौरव अग्रवाल, जगप्रेरणा महकेपार।

***ग्राम पंचायत गोरेघाट के भोंडकी ग्राम सुरेंद्र पिता सुनील सोनगढ़े उम्र 24 वर्ष ने गोरेघाट भाग 2 गांव के किनारे ही जंगल में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र वर्तमान मे हैदराबाद में पेंटिंग पुताई का कार्य करता था***

और दो दिन पहले ही गृह ग्राम आया था। दोपहर में घर से रस्सी लेकर निकला था जब कुछ देर तक नहीं आया तो पता किया गया तब बकरी चरा रहे युवक ने उसे फांसी पर लटका हुआ देखा और सुरेंद्र के घर वालों को इसकी जानकारी दी गई। इसकी सूचना तिरोड़ी थाना के महकेपार चौकी के दी गई मौके पर प्रधान आरक्षक श्री शिशुपाल बघेल पहुंचकर बॉडी को पंचनामा बनाकर पीएम के लिए कटंगी भिजवा दिया। पोस्ट मार्टम के बाद की पता चल पाएगा कि यह हत्या या आत्म हत्या का मामला है।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप मे जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*

# रिलायंस फाउंडेशन, इफको एवं कृषि विभाग ने बघोली में आयोजित की किसान पाठशाला, नैनो डीएपी तकनीक की दी गई जानकारी..






जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों से जोडने के उद्देश्य से रिलायंस फाउंडेशन, इफको तथा कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत बघोली में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर कृषि विशेषज्ञों से खेती की नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। किसान पाठशाला में विशेषज्ञों ने खरीफसीजन में धान की उन्नत खेती, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, फसल संरक्षण, जल संरक्षण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपायों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान इफको के विशेषज्ञों ने किसानों को नैनो डीएपी (ष्ठ्रक्क) के उपयोग एवं इसके लाभों की जानकारी देते हुए एक किसान के खेत में धान की पौध का नैनो डीएपी से उपचार कर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों ने बताया कि पौध उपचार की यह तकनीक पौधों की प्रारंभिक वृद्धि को बेहतर बनाती है, पोषक तत्वों के अवशोषण में वृद्धि करती है तथा उर्वरकों के संतुलित उपयोग के माध्यम से खेती की लागत कम करने में सहायक होती है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुरूप उर्वरकों का उपयोग करने, मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों का प्रबंधन करने तथा आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शन एवं किसान पाठशालाओं का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान उपलब्ध कराना है, ताकि वे इन्हें अपने खेतों में अपनाकर उत्पादन और आय में वृद्धि कर सकें। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने भी नैनो डीएपी तकनीक के संबंध में विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया और खेतों में किए गए प्रदर्शन का अवलोकन किया। किसानों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# गाजियाबाद में बारिश बनी काल, जलभराव के बीच घर के बाहर खेल रही 3 साल की मासूम की डूबने से मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***लगातार हो रही बारिश ने गाजियाबाद में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर की सड़कें और गलियां पानी में डूब गईं, लेकिन इसी जलभराव ने एक परिवार की खुशियां भी छीन लीं।***

विजयनगर इलाके में पानी से भरी गली में खेलते-खेलते एक तीन साल की मासूम गहरे पानी में समा गई। अस्पताल पहुंचने तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बुधवार दोपहर से शुरू हुई बारिश गुरुवार तक जारी रही, जिससे कविनगर, शास्त्रीनगर, गोविंदपुरम, लोनी और विजयनगर समेत शहर के कई इलाकों में भारी जलभराव हो गया। कई कॉलोनियों में दो फीट से अधिक पानी भर गया, जिससे लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया।

## घर के बाहर खेलते समय हुआ हादसा..

पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से फर्रुखाबाद निवासी सुमित ठाकुर पिछले चार सालों से विजयनगर थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर में किराये पर रहते हैं। वह सब्जी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। गुरुवार शाम करीब चार बजे उनकी तीन साल की बेटी पल्लवी (दीप्ति) घर से निकलकर गली में पहुंच गई। आशंका है कि खेलते-खेलते वह पानी से ढकी नाली या गहरे हिस्से की ओर चली गई, जहां उसका संतुलन बिगड़ गया और वह डूब गई।

## लोगों ने निकाला बाहर, लेकिन नहीं बच सकी जान..

कुछ देर बाद स्थानीय लोगों की नजर पानी में पड़ी बच्ची पर गई। उन्होंने तुरंत उसे बाहर निकाला और चारपाई पर लिटाकर उसकी सांसें लौटने की कोशिश की। परिवार के लोग भी इस उम्मीद में उसे पुकारते और संभालते रहे कि शायद वह होश में आ जाए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

परिजन बिना समय गंवाए बच्ची को एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़..

मासूम की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में कुछ देर पहले तक बच्ची की किलकारियां गूंज रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर शहर में जलनिकासी व्यवस्था और बारिश के दौरान सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दिल्ली-एनसीआर में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते पिछले 24 घंटे में कई जगहों पर जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है।

# 'मैं बेगुनाह हूं, झूठा फंसाया गया..', सुप्रीम कोर्ट में सोनम रघुवंशी की दलील, अब मंगलवार को होगी सुनवाई..



डेस्क जगप्रेरणा।

***व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफ मेघालय सरकार की याचिका पर अब अगली सुनवाई मंगलवार को होनी है।***

पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने सोनम की जमानत को रद्द करने से इनकार कर दिया था। आपको बता दें कि इंदौर के ट्रांसपोर्ट व्यापारी राजा रघुवंशी की मेघालय में हनीमून के दौरान हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप पत्नी सोनम और उसके साथियों पर लगा है। हालांकि, अब सोनम रघुवंशी ने इस मामले में खुद को बेगुनाह बताया है।

## सोनम की जमानत बरकरार रहेगी..

जानकारी के मुताबिक, राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी पत्नी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत के खिलाफदाखिल मेघालय सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब मंगलवार को सुनवाई करेगा। फिलहाल सोनम रघुवंशी की जमानत बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार 14 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय सरकार को सोनम की गिरफ्तारी के समय उसे दिए अरेस्ट मेमो और अन्य दस्तावेजों की कॉपी दायर करने को कहा है।

## सोनम ने खुद को बताया बेगुनाह..

आरोपी सोनम रघुवंशी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे मे खुद को बेगुनाह बताया है। सोनम ने अदालत से कहा है कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है और उसके खिलाफअभियोजन का पूरा मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। ऐसे में केवल आरोपों के आधार पर उसे दोषी नहीं माना जा सकता। हलफनामे में सोनम ने कहा है कि उससे कोई बरामदगी बाकी नहीं है। कोर्ट की ओर से लगाई शर्तों के मुताबिक वो शिलांग में ही रह रही है। इस केस में चार्जशीट पहले ही दायर हो चुकी है। ऐसे में इस बात की कोई संभावना नहीं है कि वो सबूत के साथ छेड़छाड़ कर सकती हैं।

## टाइपो एरर के कारण मिली जमानत- SG..

इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट में पिछली सुनवाई में स्त्र तुषार मेहता ने दलील दी थी कि 'टाइपो एरर को कोर्ट ने जमानत का आधार बनाकर जमानत दे दी है। BNS की धारा 103 की जगह गलती से 403 टाइप हो गया था।÷ आपको बता दें कि राजा रघुवंशी की मई, 2025 में सोनम रघुवंशी से शादी हुई थी। फिर, दोनों हनीमून के लिए मेघालय की राजधानी शिलांग गए थे। इस दौरान राजा लापता हो गया था। कई दिनों के अभियान के बाद राजा का शव गहरी खाई में मिला था। कुछ ही समय पहले मेघालय हाई कोर्ट ने सोनम को जमानत दी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सोनम रिहा हो चुकी है, हम बेल पर रोक लगाने के इच्छुक नहीं हैं। मेघालय सरकार की याचिका पर कोर्ट ने सोनम रघुवंशी को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह पहले देखेगा कि ट्रायल कैसे चल रहा है। साथ ही, सोनम रघुवंशी की जमानत को बरकरार रखा।

# दिल्ली पुलिस ने एनजीओ के जरिए फर्जी योजना के नाम पर लोगों को ठगी के आरोपी को पकड़ा..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक एनजीओ की आड़ में संचालित एक अवैध योजना के माध्यम से लोगों से लगभग 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में 35 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।***

ईओडब्ल्यू ने बयान में कहा कि पूर्वी दिल्ली के मंडावली के निवासी मोहम्मद नाजिम को भारतीय दंड संहिता की आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के साथ-साथ प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम (प्रतिबंध) अधिनियम के तहत प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। ईओडब्ल्यू के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुबोध कुमार गोस्वामी ने बयान में कहा, 'ख्वाजा गरीब नवाज' (केजीएन) नामक एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के नाम पर कथित तौर पर यह ठगी की गई। संगठन ने गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सिलाई मशीन, रेफ्रिजरेटर, टेलीविजन, वॉशिंग मशीन तथा अन्य घरेलू सामान देने का लालच देकर विभिन्न योजनाओं के जरिए धन जमा किया था।'

पुलिस ने कहा कि दक्षिणपूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर निवासी शिकायतकर्ता ने कई अन्य पीड़ितों के साथ आरोप लगाया कि एनजीओ ने पढ़ाई में सहायता, विवाह के मौके पर लाभ और अन्य प्रोत्साहन का भी वादा किया था। निवेशकों द्वारा योजनाओं के तहत अधिक सदस्यों को जोड़ने पर उन्हें नकद लाभ और उनकी जमा राशि की वापसी का आश्वासन दिया गया। अधिकारी ने कहा, 'आरोपों की प्रारंभिक जांच के बाद 10 अगस्त, 2023 को मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि नाजिम अपने सहयोगियों के साथ एनजीओ की आड़ में अवैध धन परिसंचरण और 'पिरामिड' (सदस्य जोड़ने वाली) योजनाएं चलाने में सक्रिय रूप से शामिल था।'

पुलिस ने कहा कि अन्य आरोपियों की पहचान करने और निवेशकों से एकत्र किए गए धन का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली में आग की लपटों में घिरी महिला तीसरी मंजिल से कूदी, पति से झगड़े के बाद उठाया खौफनाक कदम..



डेस्क जगप्रेरणा।

***पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर में बुधवार को एक युवती ने बिल्डिंग की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। हरि नगर के सी ब्लॉक में 23 साल की महिला ने पहले खुद को आग लगाई और उसके बाद तीसरी मंजिल से कूद गई।***

जैसे ही वह सड़क पर गिरी वहां पर अफरा-तफरी मच गई। मकान मालिक ने तुरत इसकी सूचना पुलिस को दी। हरि नगर पुलिस और क्राइम टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल महिला को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल ले गई जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बेटे और पिता के साथ रहती थी महिला..

मृतका की पहचान 23 वर्षीय लक्ष्मी के रूप में हुई। वह मध्य प्रदेश की रहने वाली थी और दिल्ली में बेटे व पिता के साथ रह रही थी। महिला की शादी 2018 में हुई थी। लक्ष्मी का पति राजेंद्र गांव में अलग रहता है। घटना के समय मृतका के पिता काम पर गए हुए थे। जानकारी के मुताबिक पति से झगड़े के बाद गुस्से में महिला ने ये खौफनाक कदम उठाया।

पुलिस के अनुसार, मृतका के पिता जहान सिंह ने बताया कि लक्ष्मी की शादी राजेंद्र से हुई थी और उनका एक बेटा है। वर्ष 2023 से पति-पत्नी के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था, जिसके बाद लक्ष्मी अपने पिता के साथ हरि नगर स्थित मकान में रह रही थी।

## 4-5 दिन पहले छोड़ी थी नौकरी..

पिता के मुताबिक, लक्ष्मी पहले उत्तम नगर स्थित गोयल संस नामक कपड़ों की दुकान में काम करती थी, लेकिन उसने 4-5 दिन पहले ही नौकरी छोड़ दी थी। इसके बाद वह मानसिक तनाव में थी, खासकर अपने बच्चे की देखभाल और कस्टडी को लेकर। उन्होंने इस घटना के संबंध में किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

## मौके से नहीं मिला सुसाइड नोट..

सूचना पर पहुंची क्राइम टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा होगा।

# 35 साल के युवक से की जा रही थी 14 वर्षीय लड़की की शादी, राजस्थानी दूल्हे समेत चार लोग गिरफ्तार..



डेस्क जगप्रेरणा।

***रक्सौल में 14 साल की लड़की की शादी 35 साल के युवक से कराई जा रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राजस्थानी दूल्हे समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।***

जानकारी के अनुसार, 8 जुलाई को प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि राजस्थान के कुछ व्यक्तियों द्वारा रक्सौल की नाबालिग लड़कियों से चोरी-छिपे विवाह कर, शादी की आड़ में मानव तस्करी किए जाने की संभावना है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

## लड़की की सौतेली मां करा रही थी शादी..

छापेमारी के दौरान पाया गया कि शादी की पूरी तैयारी कर ली गई थी और मंडप भी तैयार था। नाबालिग लड़की (14 वर्ष) की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान बच्ची ने बताया कि उसके परिवार द्वारा जबरन शादी कराई जा रही है। उसने यह भी बताया कि राजस्थान से कुछ लोग पिछले चार दिनों से रक्सौल स्थित राजेश्वर होटल में ठहरे हुए हैं, उसकी सौतेली मां को कुछ पैसे दिए गए हैं। लड़के द्वारा घर का सामान और गहने देने का प्रलोभन भी दिया गया है। सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी, रक्सौल के निर्देश पर हरैया थाना, रक्सौल थाना, एसएसबी 47वीं वाहिनी और प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर, पूर्वी चंपारण की टीम प्राइवेट होटल पहुंची और रूम नंबर 209 से चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया।

पूछताछ और जन्म सत्यापन संबंधी दस्तावेजों की जांच में पता चला कि नाबालिग लड़की की उम्र 14 वर्ष है, जबकि विवाह करने वाला व्यक्ति 35 वर्ष का है। चारों व्यक्ति राजस्थान के रहने वाले हैं और आपस में मित्र हैं। जब विवाह करने वाले व्यक्ति से लड़की का नाम और उसके माता-पिता का नाम पूछा गया, तो वह जानकारी नहीं दे सका। जांच में यह भी सामने आया कि इन चारों में से एक व्यक्ति के द्वारा यह विवाह कराया जा रहा था।

## पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार..

उचित प्रक्रिया अपनाते हुए नाबालिग लड़की को संरक्षण में लिया गया। राजस्थान निवासी दूल्हे सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद चारों व्यक्तियों को हरैया थाना लाया गया, जहां पंचायत मुखिया और सरपंच की उपस्थिति में नाबालिग लड़की के परिजनों से अंडरटेकिंग ली गई। चारों व्यक्तियों के विरुद्ध बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 तथा मानव तस्करी/ट्रैफिकिंग के तहत हरैया थाना में कार्यरत सब इंस्पेक्टर मिंटू कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई। पूछताछ और उपलब्ध तथ्यों के निष्कर्ष के आधार पर यह प्रतीत होता है कि चोरी-छिपे विवाह कराना, विवाह में लड़के के पक्ष से किसी परिजन की अनुपस्थिति, तथा पैसे और सामान का लालच देकर गरीब परिवार को फंसाना गंभीर संदेह पैदा करता है। इससे यह आशंका और प्रबल होती है कि शादी की आड़ में मानव तस्करी का प्रयास किया जा रहा था।

# चीन की 'हुइटेंग शूज़' फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 28 लोगों की जलकर मौत..




डेस्क जगप्रेरणा।

पूर्वी चीन के फुज़ियान प्रांत में गुरुवार को 'हुइटेंग शूज़' फैक्ट्री में लगी भीषण आग में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। आग बुझाने के लिए सैकड़ों फायरफाइटर और इमरजेंसी टीमें घंटों तक मशक्कत करती रहीं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, आग दोपहर करीब 12:04 बजे (स्थानीय समय) जिनजियांग शहर के चेंडाई टाउनशिप के जियांगटौ गांव में कैटुओ रोड ईस्ट पर स्थित 'हुइटेंग शूज़' फैक्ट्री में लगी।

कुछ ही मिनटों में आग की लपटों ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया और आसमान में घना काला धुआं उठने लगा। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के पूर्वी फुज़ियान प्रांत में जूतों की एक फैक्ट्री में लगी भीषण आग से 'काफी जान-माल का नुकसान' हुआ है और गुरुवार को कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई, जबकि बचाव दल खोज और आग बुझाने के काम में जुटे रहे। शिन्हुआ के अनुसार, आग जिनजियांग शहर के चेंडाई टाउनशिप के जियांगटौ गांव में जूतों की एक फ़ैक्ट्री में दोपहर करीब 12.04 बजे लगी। सीसीटीवी में दिख रहा था कि आग की लपटों के बीच कई लोग छत पर फंसे हुए हैं और मदद मांग रहे हैं।

## क्यों लगी आग?

घटना की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी और इमरजेंसी टीम के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे; 183 बचावकर्मी और 35 गाड़ियां तैनात की गईं। देर दोपहर तक आग की लपटें तो ज़्यादातर बुझा दी गई थीं, लेकिन फैक्ट्री के अंदर खतरनाक हालात की वजह से बचाव टीमें इमारत के कुछ हिस्सों में नहीं जा पा रही थीं ताकि लापता लोगों को ढूंढा जा सके। शुरुआती जांच से पता चला कि आग ग्राउंड फ़्लोर पर लगी थी, जहां जूते बनाने का आसानी से आग पकड़ने वाला सामान और एडहेसिव (चिपकाने वाला पदार्थ) रखा हुआ था, जिससे आग तेज़ी से फैल गई।

## क्यों खास थी ये जूता फैक्ट्री..

CCTV के अनुसार, जलते हुए सामान से निकलने वाला धुआं बहुत तीखा था और उससे आंखों में जलन हो रही थी। अधिकारियों ने अभी तक हताहतों की आधिकारिक संख्या जारी नहीं की है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जिनजियांग - जिसे अक्सर चीन की 'जूता राजधानी' कहा जाता है - ने 2024 में 1.2 अरब से ज़्यादा जोड़ी जूते बनाए, जो दुनिया भर में बनने वाले जूतों का लगभग पांचवां हिस्सा है।

# अमरनाथ यात्राः हृदय संबंधी समस्या होने पर महिला श्रद्धालु की सीआरपीएफ ने बचाई जान..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान हृदय संबंधी समस्या होने पर 46 वर्षीय महिला श्रद्धालु को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने बचाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।***

अधिकारियों ने बताया कि यह घटना गांदरबल जिले में बालटाल मार्ग पर स्थित सरबल शिविर के पास हुई। अधिकारियों के अनुसार, उत्तर प्रदेश की रहने वाली महिला की तबीयत बिगड़ने पर यात्रा मार्ग पर तैनात सीआरपीएफ के जवानों ने तत्काल उसे प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई। इसके बाद उसे अर्द्धसैनिक बल की चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया, जहां उसे ऑक्सीजन सहायता दी गई और 'कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन' (सीपीआर) भी दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बाद में महिला को सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहन से नीलग्राथ स्थित सेना के अस्पताल शिविर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफअमरनाथ यात्रा की सुरक्षा में तैनात है। आपात स्थिति में श्रद्धालुओं की सहायता के लिए बल ने माउंटेन रेस्क्यू टीम (एमआरटी) और महिलाओं की 'मे आई हेल्प यू' मोबाइल टीमों की भी तैनाती की है। वार्षिक अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को शुरू हुई थी और इसका समापन 28 अगस्त को होगा। अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष अब तक 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा में 1.45 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।


सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433







# विश्व कप क्वार्टर फाइनल: पहली बार ब्राजील और जर्मनी में से कोई नहीं, यूरोप की छह टीम..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।***



सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं । जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों। ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे।

### आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब:

इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो , इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था । यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है ।

### यूरोप का दबदबा, छह टीम अंतिम आठ में:

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना ) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी। वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है ।

### फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच:

खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं

लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3.2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।

### स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल :

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया । गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4.0 और उरूग्वे को 1.0 से हराया।

अंतिम 32 में आस्ट्रिया को 3.0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1.0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

# 'लॉक अप 2' में शिवांगी जोशी के बचाव में उतरे हर्षद चोपड़ा, सुनीता आहूजा ने शिल्पा शिंदे को दी चेतावनी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'लॉक अप 2' के हालिया एपिसोड्स में जबरदस्त धमाका, इमोशनल ड्रामा और तीखी बहस देखने को मिली है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लॉक अप सीजन 2 में एक हैरान करने वाला पल तब आया,***



जब शिवांगी जोशी रो पड़ी और हर्षद चोपड़ा उन्हें संभालते दिखाई दिए। दूसरी ओर, शो में आगे देखने को मिला कि वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट शिल्पा शिंदे को सुनीता आहूजा ने चेतावनी दी। इसके बाद से ही यह चारों कंटेस्टेंट्स एक बार फिर इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन गए हैं।

### श्रेया कालरा की वजह से रो पड़ी शिवांगी जोशी..

'लॉक अप' हाउस के अंदर हर्षद और शिवांगी की बहुत ही खूबसूरत बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। दोनों को कई मौके पर एक-दूसरे का सपोर्ट करते हुए भी देखा गया। हाल ही में हर्षद और शिवांगी का एक वीडयो सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस रो रही हैं और हर्षद चोपड़ा उन्हें सहारा देने के लिए दौड़ते दिखाई देते हैं। दरअसल, शिवांगी जोशी और इन्फ्लुएंसर श्रेया कालरा के बीच खतरनाक बहस हुई। इसी वजह से वह भावुक हो गई और खुद के आंसू नहीं रोक पाई।

### शिवांगी की हालत देख हर्षद को आया गुस्सा..

शिवांगी को रोते हुए देखकर हर्षद तुरंत आपा खो बैठे और श्रेया से बात करने के लिए उनकी ओर भागने की कोशिश करते हैं। इससे पहले कि मामला बिगड़ता शिवांगी और आकांक्षा ने उन्हें रोक लिया। इस तीखी बहस ने जल्द ही दूसरे कंटेस्टेंट्स का ध्यान भी अपनी ओर खींच लिया। अब कई लोग अपनी दोस्त का साथ देने के लिए हर्षद की तारीफ कर रहे हैं।

### सुनीता आहूजा ने शिल्पा शिंदे की लगाई क्लास..

शिल्पा शिंदे के गोविंदा का जिक्र करने पर सुनीता आहूजा अपना आपा खो बैठीं। ये ड्रामा यहीं खत्म नहीं हुआ। सुनीता इस बात से परेशान दिखाई देती है और बाद में राम कपूर से बात करते हुए उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर किया। शिल्पा को अपने परिवार को शामिल न करने की चेतावनी देते हुए सुनीता ने कहा, 'मेरे परिवार की बात मत करो। मेरा पति है, 50 से अफेयर करे, तेरे बाप का क्या जा रहा है भाई।'

### लॉक अप 2 में मची हलचल..

शो में हर दिन इमोशनल ड्रामा देखने को मिल रहा है। दोस्ती-दुश्मनी, बहस और खुलकर सपोर्ट करना इन्हीं वजह से लॉक अप 2 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी चर्चा में बना हुआ है। चाहे वह शिवांगी जोशी के लिए हर्षद चोपड़ा का प्रोटेक्टिव साइड हो, दोस्ती हो या टकराव के दौरान सुनीता आहूजा का रवैया हो, यह रियलिटी शो लगातार दर्शकों के बीच चर्चा में है।

# 'खतरों के खिलाड़ी 15' की नई लॉन्च डेट आई सामने, रोहित शेट्टी का शो अगस्त के पहले हफ्ते में होगा ऑन एयर..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'खतरों के खिलाड़ी 15' का प्रीमियर असल में 25 जुलाई 2026 को होना था, लेकिन स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो को TRP ब्लैकआउट की वजह से आगे बढ़ा दिया गया है। भारत के सबसे लोकप्रिय स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो की***



नई रिलीज डेट के ऐलान का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, जो आखिरकार आ चुकी है। रोहित शेट्टी के होस्ट किए जाने वाले इस शो के प्रीमियर को लेकर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर खास अपडेट शेयर की है। साथ ही एक नया प्रोमो वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें फनी से लेकर डरा देने वाले सीन्स देखने को मिलेंगे।

### 'खतरों के खिलाड़ी 15' कब आखिरकार होगा?

रोहित शेट्टी के होस्ट किए जाने वाले 'खतरों के खिलाड़ी 15' को एक हफ्ते के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। बहुत ज्यादा इंतजार किए जा रहे इस रियलिटी शो का प्रीमियर अब शनिवार, 01 अगस्त 2026 को होगा। नई रिलीज डेट की घोषणा करते हुए, मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक नया प्रोमो जारी किया। इसे शेयर करते हुए कलर्स टीवी ने लिखा, 'लगेगी जान की बाजी, क्योंकि शुरू हो रहा है डर का नया दौर! देखिए #KhatronKeKhiladi15, 1 अगस्त से हर शनिवार-रविवार रात 9 बजे सिर्फ कलर्स और जियो हॉटस्टार पर।'

### खतरों के खिलाड़ी 15 के कंफर्म कंटेस्टेंट्स

रोहित शेट्टी का पॉपुलर शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में कई बड़े स्टार्स कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आने वाले हैं, जिसमें गौरव खन्ना, रुबीना दिलैक, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, अविनाश मिश्रा, जैस्मीन भसीन, हर्ष गुजराल, विशाल आदित्य सिंह, अविका गोर, शगुन शर्मा, फ़रहाना भट और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी ओरी का नाम शामिल है। इस सीज़न में 'खतरों के खिलाड़ी' के कई पुराने कंटेस्टेंट्स की भी वापसी हो रही है, जिससे अनुभवी डेयरडेविल्स और नए चैलेंजर्स का दिलचस्प मेल देखने को मिलेगा।

### खतरों के खिलाड़ी 15 के टॉप 3..

मेकर्स ने फाइनलिस्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अविनाश मिश्रा, फरहाना भट और ऋत्विक धनजानी ने टॉप 3 में जगह बना ली है। वहीं करण वाही चौथे स्थान पर हैं। हालांकि, अभी तक फाइनलिस्ट और विनर के नाम की आधिकारिक पुष्टि हुई है।

# 'किल' के बाद अब राघव जुयाल मचाएंगे कॉमेडी से गदर, 'भाई तेरा स्टार है' का अतरंगी ट्रेलर आउट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'किल' और 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' जैसी फिल्मों में अपनी गंभीर और दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाने के बाद राघव जुयाल अब दर्शकों को हंसाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेकर्स ने उनकी आगामी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' का शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है।***



इस ट्रेलर में राघव के किरदार 'अजय सिंह' की एक बेहद अनोखी, अतरंगी और मजेदार दुनिया की झलक देखने को मिल रही है, जिसने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ा दी है। इस बार वह एक फुल-ऑन कॉमिक एंटरटेनर के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।

### कॉमेडी, ड्रामा और अतरंगे किरदारों का कॉम्बिनेशन..

यह फिल्म पूरी तरह से एक पारिवारिक मनोरंजन पैकेज है। ट्रेलर की शुरुआत ही एक बेहद मजेदार डायलॉग से होती है, 'एक एक्टर का सबसे बड़ा टैलेंट होता है अपनी ही बकवास पर यकीन करना।'

इसके बाद से ही पूरे ट्रेलर में बड़े-बड़े सपने, जबरदस्त कन्फ्यूजन और पेट खोलकर हंसाने वाले सीन्स का सिलसिला शुरू हो जाता है। फिल्म में राघव जुयाल की कॉमिक टाइमिंग के साथ-साथ संजय कपूर, बरखा सिंह, निहारिका एनएम और चंदन रॉय सान्याल जैसे बेहतरीन कलाकार भी अपनी कॉमेडी से एंटरटेनमेंट का लेवल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

### किरदार पर क्या बोले राघव जुयाल और डायरेक्टर?

अपने इस नए रोल को लेकर राघव जुयाल काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि 'अजय सिंह' का यह किरदार बहुत ज्यादा ड्रामेटिक, बेबाक और अप्रत्याशित है, जिसे निभाने में उन्हें बेहद मजा आया। वहीं फिल्म के डायरेक्टर विवेक बी अग्रवाल का कहना है कि यह फिल्म खुद को बहुत सीरियसली नहीं लेती और यही इसकी सबसे बड़ी खूबी है।

उन्होंने राघव की एनर्जी की तारीफ करते हुए कहा कि वे सिनेमाघरों में दर्शकों के रिएक्शन देखने के लिए बेहद उत्सुक हैं। ट्रेलर के बारे में बात करते हुए राघव जुयाल ने कहा, 'मुझे पूरा भरोसा है कि यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी। मैं बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं कि सभी लोग अजय सिंह से मिलें। वह एक ऐसा किरदार है जो नाटकीय है, अप्रत्याशित है, बेझिझक है, पूरी तरह ओवर-द-टॉप है और बेहद मनोरंजक भी। इस किरदार को निभाने में मुझे बहुत मज़ा आया और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को भी फिल्म देखते समय उतना ही आनंद आएगा, जितना हमें इसे बनाते समय आया।' निर्देशक विवेक बी अग्रवाल ने कहा, 'भाई तेरा स्टार है' पूरी तरह मनोरंजन का जश्न है। यह फिल्म खुद को जरूरत से ज़्यादा गंभीरता से नहीं लेती और यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है।

इसमें मज़ेदार किरदार, अप्रत्याशित मोड़ और लगातार मनोरंजन देखने को मिलेगा। राघव ने अजय सिंह के किरदार को अपनी शानदार ऊर्जा और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से जीवंत बना दिया है। हमें बेहद खुशी है कि आज ट्रेलर दर्शकों के सामने है और अब हम सभी को सिनेमाघरों में फिल्म का आनंद लेते देखने का इंतजार है।'

### जानिए कब रिलीज होगी फिल्म?

ईस्टवुड पिक्चर्स और इंडियन स्टोरीज 2 के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी अग्रवाल ने किया है। फिल्म की कहानी को सुदीप्तो सरकार और विवेक ने मिलकर लिखा है, जबकि इसके निर्माण की जिम्मेदारी अवंतिका हरि, सुनील रुपानी और विवेक बी. अग्रवाल ने संभाली है। एंटरटेनमेंट और ठहाकों से भरपूर यह फिल्म 30 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है।

# विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में 36 साल बाद पहुंचा भारतीय खिलाड़ी, आखिर कौन हैं अर्णव पापरकर?..

डेस्क जगप्रेरणा।

टेनिस जगत में 18 साल के भारतीय खिलाड़ी अर्णव पापरकर का नाम इस समय काफी चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसके पीछे बड़ा कारण जूनियर विंबलडन में 36 साल के बाद किसी भारतीय का क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना है।



अर्णव पापरकर ने राउंड 16 में जापान के खिलाड़ी यों तबाता के खिलाफ हुए मुकाबले में 52 मिनट के अंदर लगातार दो सेट में जीत हासिल करते हुए क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। अर्णव पापकर अब साल 1990 में लिएंडर पेस के बाद सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं जो क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हो सके थे। पेस ने उस साल ये खिताब भी अपने नाम किया था।

### पापरकर ने दोनों सेट में नहीं दिया जापान के खिलाड़ी को वापसी का मौका

प्री-क्वार्टर फाइनल में अर्णव पापरकर का कोर्ट में एकतरफा प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने जापान के यों तबाता के खिलाफ मैच के पहले सेट को 6-2 के अंतर से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरे सेट को लेकर सभी की नजरें टिकी हुई थी जहां अर्णव ने अपने इसी शानदार खेल को जारी रखते हुए 6-1 के अंतर से जीतने के साथ अंतिम 8 में अपनी जगह बना ली। अब अर्णव पापरकर का क्वार्टर फाइनल में सामना अमेरिकी खिलाड़ी जॉर्डन ली का करेंगे। विंबलडन बॉयज सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने वाले अर्णव पापरकर सिर्फ चौथे खिलाड़ी बने हैं जिसमें इससे पहले लिएंडर पेस, रामनाथन कृष्णन और रमेश कृष्णन ऐसा करने में कामयाब हो सके थे। वहीं साल 2009 में युकी भांबरी के जूनियर यूएस के बाद अर्णव जूनियर ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी हैं।

### अर्णव जूनियर रैंकिंग में हैं 19वें नंबर पर..

18 साल के अर्णव पापरकर को लेकर बात की जाए तो वह इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन की जूनियर रैंकिंग में 19वें नंबर पर हैं। अर्णव को लेकर बात की जाए तो उन्होंने 14 साल की उम्र में अपने करियर का पहला बड़ा खिताब जीता था जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन अंडर-14 एशिया पेसेफिक एलीट ट्रॉफी को मेलबर्न में अपने नाम किया था। इसके बाद इसी साल के आखिर में नेशनल अंडर-16 में वाइल्ड कार्ड एंट्री करते हुए खिताब अपने नाम किया था।

# जाह्नवी कपूर की मेहंदी में दिखा शिखर पहाड़िया के लिए प्यार, निकनेम 'शिखू' ने खींचा ध्यान..

डेस्क जगप्रेरणा।

मुंबई में अपनी बहन अंशुला कपूर के वेडिंग रिसेप्शन में बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपने शानदार लुक से सबका ध्यान खींचती नजर आईं। उन्होंने इस खास मौके पर मनीष मल्होत्रा की डिजाइन की गई खूबसूरत साड़ी चुनी थी, जिसकी सभी ने खूब तारीफ की। हालांकि, श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी के लुक से ज्यादा इस बार उनकी मेहंदी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। उनकी मेहंदी में बनी एक छोटी सी डिटेल ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिसमें शिखर के लिए प्यार देखने को मिला।



### जाह्नवी कपूर की मेहंदी में शिखर पहाड़िया का नाम..

जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर सेलिब्रेशन की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनका रिसेप्शन वाला लुक भी शामिल है और लोगों की पैनी नजर से उनका प्यार छुप नहीं पाया। अगर कोई भी उनके लुक को करीब से देखेगा तो उन्हें शिखर पहाड़िया का नाम दिखाई देगा। इन तस्वीरों में पैनी नजर रखने वाले फैंस ने देखा कि एक्ट्रेस ने अपनी मेहंदी में अपने बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का निकनेम 'शिखू' लिखवाया है। पूरा नाम लिखने के बजाय जाह्नवी ने हिंदी में निकनेम शिखू लिखवाना चुना, जिसके साथ एक सिंपल, बारीक और मिनिमल डिजाइन भी है।

### जाह्नवी और शिखर की खूबसूरत बॉन्ड..

इस कपल का रिश्ता लंबे समय से चर्चा में है। साथ में मंदिर जाने से लेकर पब्लिक इवेंट्स में एक साथ शामिल होने तक, जाह्नवी और शिखर अक्सर अपनी मौजूदगी से महफिल लूट लेते हैं। दोनों ने सबसे पहले 2016 में डेटिंग शुरू की थी, लेकिन 2018 में जाह्नवी के बॉलीवुड डेब्यू के बाद वे अलग हो गए। 2023 में कई मौकों पर साथ देखे जाने के बाद उनके रिश्ते की अफवाहें फिर से शुरू हो गईं। बाद में दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात करना शुरू कर दिया। इस साल की शुरुआत में ऐसी अफवाहें थीं कि यह कपल शादी करने का प्लान बना रहा है। हालांकि, बाद में जाह्नवी के पिता बोनी कपूर ने इन अटकलों को खारिज कर दिया और शादी की खबरों पर विराम लगा दिया।

### जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्में

प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो जाह्नवी हाल ही में राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' में नजर आई थीं। इस फिल्म को लेकर तब बहस छिड़ गई थी, जब कुछ दर्शकों को लगा कि उनके किरदार को 'हाइपर-सेक्शुअलाइज' दिखाया गया है। आलोचना के बाद डायरेक्टर बुची बाबू सना ने दर्शकों से माफी भी मांगी थी।

वह जल्द ही टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य के साथ 'लग जा गले' में नजर आएंगी। यह फिल्म अगले साल मई में रिलीज होने वाली है।




लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## प्राकृतिक आपदा व मुआवजा..

प्राकृतिक आपदाएं वे विनाशकारी घटनाएं हैं, जो मानव नियंत्रण से बाहर होती हैं। इनमें बाढ़, सूखा, भूकंप, चक्रवात, ओलावृष्टि और भूस्खलन जैसी घटनाएं शामिल हैं। ये आपदाएं बिना किसी पूर्व चेतावनी के आती हैं और पल भर में जान-माल, फसलों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। ऐसी स्थिति में प्रभावित परिवारों को पुनः जीवन शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है, जिसे सरकार द्वारा मुआवजा राशि या राहत राशि के रूप में दिया जाता है। भारत में बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान पर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आर्थिक मुआवजा दिया जाता है।

### 1. फसल नुकसान (कृषि और बागवानी)

प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत नुकसान का आकलन कर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। बीमित राशि राज्यों के अनुसार परिवर्तनशील अलग-अलग फसलों के लिए प्रीमियम और बीमित राशि अलग-अलग निर्धारित होती है।

### 2. जनहानि (मृत्यु पर सहायता)

राज्य आपदा राहत कोष के नियमों के अनुसार किसी भी प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को `4,00,000 (राज्यों के अनुसार परिवर्तनशील) तक की अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है।

### 3. मकान और पशुधन की क्षति

पक्के/कच्चे मकान के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर: लगभग `1,20,000 (राज्यों के अनुसार परिवर्तनशील) तक की सहायता राशि।

पशु (जैसे गाय, भैंस) की मृत्यु पर: लगभग `30,000 से `37,500 प्रति पशु तक का मुआवजा। (राज्यों के अनुसार परिवर्तनशील)

भारत सरकार के गृह मंत्रालय और राज्य आपदा राहत कोष के वर्तमान नियमों के तहत प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को मिलने वाली राहत प्रदान की जाती हैं

### 4. मानव सहायता और चोट

मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को `4,00,000 (घटना व राज्यों के अनुसार परिवर्तनशील)तक।

गंभीर चोट (अस्पताल में भर्ती) 1 सप्ताह से अधिक भर्ती रहने पर ,1 सप्ताह से कम भर्ती रहने पर शारीरिक अपंगता 40% से 60% अपंगता होने पर, 60% से अधिक अपंगता होने पर अलग-अलग आर्थिक मुआवजा दिया जाता है।

### प्राकृतिक आपदाओं का समाज और अर्थव्यवस्था पर प्रभाव-

जब कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो उसका सबसे बुरा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है।भारत एक कृषि प्रधान देश है। ओलावृष्टि या सूखे के कारण किसानों की सालभर की मेहनत नष्ट हो जाती है। घर टूटने और पशुधन की मृत्यु होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। कई बार आपदाओं में लोग अपनी जान गंवा देते हैं या जीवनभर के लिए अपंग हो जाते हैं, जिससे उनका परिवार बेसहारा हो जाता हैं ।भारत में मुआवजा वितरण की व्यवस्था भारत में प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन और मुआवजे के लिए एक सुदृढ़ कानूनी ढांचा है। इसके तहत दो मुख्य माध्यमों से सहायता दी जाती है राष्ट्रीय और राज्य आपदा राहत कोष गृह मंत्रालय के नियमों के अनुसार, इसके तहत सीधे सरकार द्वारा प्रभावितों के बैंक खातों में आर्थिक मदद भेजी जाती है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना यह योजना विशेष रूप से किसानों के लिए है। इसमें आपदा के समय फसल के नुकसान का सर्वे कर बीमा कंपनियों द्वारा क्लेम राशि दी जाती है।भारत में प्राकृतिक आपदा मुआवजा प्रणाली आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025 और राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के कड़े प्रशासनिक नियमों के तहत काम करती है। टिप- मुआवजा राशि व योजनाएं राज्य के अनुसार परिवर्तन व संशोधन हो सकती है । प्राकृतिक आपदाओं को पूरी तरह रोकना इंसानी हाथों में नहीं है, लेकिन उनके प्रभाव को कम जरूर किया जा सकता है। मुआवजा राशि का महत्व और उद्देश्य मुआवजा राशि का मुख्य उद्देश्य आपदा से प्रभावित लोगों को तात्कालिक राहत पहुंचाना है। यह राशि पीड़ित परिवारों को मानसिक और आर्थिक संबल देती है। इसकी मदद से किसान अगली फसल के लिए बीज और खाद खरीद पाते हैं। बेघर हुए लोग अपने मकानों की मरम्मत करवा पाते हैं। यह प्रभावितों को फिर से मुख्यधारा में लौटने में मदद करती है। सरकार द्वारा दी जाने वाली मुआवजा राशि आपदा पीड़ितों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है। मुआवजा राशि का मुख्य उद्देश्य किसी अप्रत्याशित नुकसान या चोट की भरपाई करना है। यह व्यक्तियों, किसानों और कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है, जिससे वे संकट के समय उबर सकें और अपनी आजीविका तथा मनोबल को बनाए रख सकें। मुआवजा राशि चिकित्सा खर्चों और जीवन को वापस पटरी पर लाने में मदद करती है।




अधिवक्ता हिमांशु प्रकाश मुरकुटे
8964836401


## यमुना..

यमुना।
कृष्ण वल्लभा।
नवरस संयुक्ता।
सकलसिद्धि दायिका।
भक्ति प्रदायिका।
यमुना,
भानु नंदिनी।
व्रजाङ्गना वंदिनी।
प्रीतिदाता, कलिंदजा।
रासेश्वरी, यमानुजा।
यमुना,
श्रांगारिकता की प्राप्ति।
अलौकिकता की व्याप्ति।
प्रियतम से मधुरिम अनुराग।
सुरभित हो जीवन का बाग।
यमुना,
अभिलाषाओं का प्रसार।
मनमोहक है संसार।
बाललीला का अनुभव।
नवयौवन का प्रीतिमय उद्भव।
यमुना,
प्रभाकर की दिव्य कृति।
खूबसूरत है जिसकी प्रकृति।
माधुर्य से पूरित जिसका जल।
करती सदा जो कल-कल।
यमुना,
मधुर-मधुर मुस्कान।
संगीत के स्वरों की तान।
कदंब वृक्षों की कतार।
लेती हरीतिमा नव-आकार।
यमुना,
शुक-मयूर-हंसों की स्थली
माधुर्यमयी जिसकी
वनस्थली।
मयूरों का मोहक नर्तन।
हृदय में होता
ईश्वरीय मंथन।
यमुना,
प्रयाग की ओर उन्मुख।
मिलन में ही सारा सुख।
प्रीति का आधार।
करती सदा सबका उपकार।
यमुना,
'गंगेश्वरी' की भावना।
कलम की उपासना।
हृदय की पुकार है।
यमुना ही, लेती
मन में आकार है।

लेखिका




श्रीमती सुनीता मेश्राम 'गंगेश्वरी'
नैनपुर.


## चिंता मत करो..

स्वयं पर रखो विश्वास चिंता मत करो।
न रखो किसी की आस,चिंता मत करो।
हाथ की रेखाएँ बदलती समय के साथ
दृढ़ रखो आत्मविश्वास चिंता मत करो।
मुसीबतों का क्या है,आएंगी- जाएंगी-
कर्म को बनाओ खास, चिंता टमत करो।
मरने के बाद करते सभी मृतक का गुणगान
हो प्रशंसा या उपहास, चिंता मत करो।
सबकी है अपनी ढफली, सबके अपने राग
सुनते रहो बिन्दास, चिंता मत करो।
देश को चलानेवाले
हैं बड़े-बड़े महारथी
सबका साथ, सबका
विकास, चिंता मत करो
सबकी अपनी किस्मत,
अपनी है जिन्दगी
बबूल हो या पलाश,
चिंता मत करो।
चलना है शशि तुझको,
मंज़िल है बहुत दूर
जारी रखो प्रयास,
चिंता मत करो।

रचनाकार





शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)



व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 212



ck;s ls nk;s & 1) बहुजन समाजवादी पार्टी के संस्थापक 4) विजयादशमी 5) एक जानलेवा बिमारी 9) किसी व्यक्ति को फिरौती के खातिर भगा कर ले जाना 12) अस्थिर 13) पूजा कार्य में प्रयुक्त होनवाला घड़ा 14) जंग लगे लोहे के वस्तु से चोट लगने पर लगाया जानेवाला टीका या इन्जेक्शन 15) निजी 16) दो मील लंबाई की दूरी सुचक पुराना परिमाण 17) हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित होनेवाली एक फिल्मी पत्रिका 20) प्राप्त करना 21) ..... टंड़न, फिल्मों से संन्यास ले चुकी एक अभिनेत्री 23) युद्ध 25) सौदा करनेवाला मध्यस्थ 26) एक वनस्पति जिसका तेल निकाला जाता है 27) विष्णु भगवान ने नृसिंह अवतार ले कर इसका वध किया था 28) तारण या निवारण करनेवाला 29) एक पुराने प्रसिद्ध गझलकार 31) मराठी भाषा में बारात 34) अंगुठी में जड़ा जानेवाला बहुमूल्य रत्न 36) दोस्त, मित्र 38) योद्धा 40) जनता 42) मिठा, शहद 43) सह, साथ 44) मद्यालय 46) खाना बनाने का वह उपकरण जिसमें तलकर व्यंजन तैयार किये जाते है 48) द्वाररक्षक 50) बाकी बचा हुआ रुपया पैसा, शेष 51) शासक 52) 'कर्ण' का अपभ्रंश रुप 54) पूर्णतः भारत में बने हुये एक रणगाडाविरोधी क्षेपणास्त्र का नाम, सर्प 55) सम्मान 56) एक द्विदल अनाज 57) छाछ 58) त्रुटि, न्यूनता 60) विमान 61) आत्मा 62) धनुष्यबाण 63) सिंधीयों में पाया जानेवाला एक कुल नाम, इस कुल नामवाले एक संत भी हो गये है 66) बुरी आदत 68) अंग्रेजी में रंग 70) गावों में नियुक्त वह पुलिस कर्मचारी जो सूचनाएं आदि देता है 72) पराजय 73) धधकना, भड़कना 75) जिसका कोई घर, ठौर ठिकाना न हो, घुमक्कड़ 79) छोटा कीड़ा जो अन्न, लकड़ी आदि में लगता है 80) जनरव 81) मनुष्य का खून चुसनेवाला एक जन्तु 82) एक रत्न 84) फिलिपाईन्स् की राजधानी 86) वकालत जिसका पेशा है वह 87) बारह राशियों में से एक 88) पुराना 90) उपस्थित 92) अमीर – उमराव के साथ जानेवाले नौकर, सामान, गाड़ी आदि 93) श्रीगणेशजी का एक नाम 95) नाके पर शहर प्रवेश करनेवाले वाहनों की पुलिसद्वारा की गयी जांच 97) महादेव, पारद 99) अकेला 101) मृत्यु 102) मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के किनारे बसा एक बड़ा शहर 103) धारण करना, परिधान करना 104) रखवाली 105) पराजय स्वीकार करना

Aij ls uhps & 1) नेपाल और सिक्कीम के बीच स्थित हिमालय की एक चोटी 2) चरित्र 3) उद्देश्य 4) गणित में भिन्न का एक भेद जिसके हर में दस या उसका कोई घात होता है 5) अंग्रेजी में दातों का डॉक्टर 6) दल, समूह 7) जुलाहा, कपड़ा बुननेवाला 8) विशेष 9) अपनत्व 10) आम का शरबत 11) श्रीरामजी का एक नाम 15) जरुर 18) विष्णु पत्नी 19) खाने के बाद मुंह से अचानक निकलनेवाली आवाज 20) निर्मल चरित्रवाली (स्त्री) 21) प्रस्थित 22) अनुनय करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 24) छोटी गली, तंग या संकीर्ण मार्ग 27) महाराष्ट्र के नागपुर शहर से प्रकाशित एक अंग्रेजी समाचार पत्र 30) बलपूर्वक 32) पतला लसदार थूक 33) किसी पदार्थ के तड़क के साथ टूटने का शब्द 35) फिल्मों के लिए गीतों की रचना करनेवाला 37) टालमटोल करना इस अर्थवाला एक मुहावरा 39) कचरा, गंदगी 41) मृत्यु होना 44) लज्जाजनक 45) क्षार, नमक 47) हीरा 49) बगीचे में काम करना 50) देह, तन 53) नाक में डाली जानेवाली तंबाखू की बुकनी 55) विदेश से आया हुआ (माल आदि) 56) धीरे धीरे टहलना 59) द्रव, स्वाद 62) नदी का छोर 64) भाफ 65) कामदेव 67) पेड़ का धड़ 69) किसी वस्तु को दूसरी वस्तु के चारों ओर घुमाकर बांधना 70) संग्रह 71) संबंध 72) मनुष्य 74) वायु, पवन 75) चमड़ी 76) कॉपी,, लिखने की पुस्तिका 77) वह स्थान जहां से दो और मार्ग जाते है 78) पुराने जमाने के जानेमाने हास्य कलाकार 80) जल क्रीड़ा 81) मध्य प्रदेश का एक दर्शनीय पर्यटन स्थल 83) 'दर्शन' का अपभ्रंश रुप 84) भारत की दक्षिण की ओर का एक पर्वत 85) लज्जा, शरम 89) जिसके पैर बंधे हो, पालन करनेवाला 91) न्यायालय में वकिलोंद्वारा गवाहों से की जानेवाली पूछताछ 94) एक देश या संगीत का एक राग 95) नागालैंड की एक प्रमुख जाति 96) मक्के का एक प्रसिद्ध मसजिद 98) विविध 100) स्नान कर (जबाब अगले अंक में) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## सीआईसी ने ईंधन गुणवत्ता जांच, धोखाधड़ी के रिकॉर्ड साझा करने से इंडियन ऑयल के इनकार को सही ठहराया..




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत पिछले 10 वर्षों में देशभर में ईंधन गुणवत्ता जांच और धोखाधड़ी से जुड़े रिकॉर्ड उपलब्ध***
कराने से इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के इनकार के फैसले को उचित ठहराया है। आयोग ने यह फैसला तब दिया, जब आवेदक ने दलील दी कि यह जानकारी जनहित से जुड़ी है। आवेदक रॉबिन जाकियस ने कहा कि उपभोक्ता पहले ही ईंधन की ऊंची कीमतों का बोझ उठा रहे हैं और डिजिटल युग में इस तरह की जानकारी कंपनी के मुख्यालय में केंद्रीकृत रूप से उपलब्ध होनी चाहिए।

केंद्रीय सूचना आयोग ने आईओसीएल की इस दलील को स्वीकार किया कि मांगी गई जानकारी उसकी 16 राज्य इकाइयों और 73 मंडलीय कार्यालयों में अलग-अलग उपलब्ध है। इसे एकत्र करने में विभाग के संसाधनों पर अत्यधिक बोझ पड़ेगा। इसलिए सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 7(9) के तहत यह सूचना देने से इनकार किया गया।

यह आदेश रॉबिन जाकियस द्वारा दायर उस अपील पर आया, जिसमें उन्होंने 2014 से 2023 तक वर्षवार आंकड़े मांगे थे। इनमें पेट्रोल पंप पर ईंधन की गुणवत्ता और मात्रा की जांच, ईंधन वितरण मशीनों में चिप के जरिये कथित हेराफेरी का पता लगाने के लिए किए गए निरीक्षण, नियमों का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप के खिलाफकार्रवाई, उपभोक्ता शिकायतें और सतर्कता रिपोर्ट का ब्योरा शामिल था।

सुनवाई के दौरान जाकियस ने कहा कि डिजिटल युग में इस तरह का डेटा कंपनी के मुख्यालय में एक स्थान पर उपलब्ध होना चाहिए। आईओसीएल ने आयोग को बताया कि मांगी गई जानकारी वांछित प्रारूप में तत्काल उपलब्ध नहीं है। कंपनी ने कहा कि देशभर में उसके लगभग 42,000 पेट्रोल पंप हैं और मानक परिचालन प्रक्रिया के तहत प्रत्येक पेट्रोल पंप का वर्ष में कम से कम दो बार निरीक्षण किया जाता है। इस तरह हर साल लगभग आठ लाख निरीक्षण होते हैं। ऐसे में 10 वर्षों की जानकारी एकत्र करना संभव नहीं है।

महारत्न कंपनी ने कहा कि एक जनवरी, 2014 से 31 दिसंबर, 2023 तक की जानकारी संकलित करने में उसके संसाधनों का अत्यधिक उपयोग होगा। इसलिए आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 7(9) के तहत यह सूचना उपलब्ध नहीं कराई जा सकती।

आईओसीएल ने यह भी बताया कि सभी सक्रिय पेट्रोल पंप को चरणबद्ध तरीके से स्वचालित बनाया जा रहा है ताकि उनके परिचालन की बेहतर निगरानी की जा सके। साथ ही, ईंधन वितरण इकाइयों के लिए उन्नत उपकरण खरीदे जा रहे हैं, जिनका प्रमाणीकरण सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफएडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने किया है।

## रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 95.47 प्रति डॉलर पर..




**मुंबई, (भाषा)।**

***कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और वैश्विक बाजारों में डॉलर के मजबूत के रुख के बावजूद अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार***
को एक पैसे की मामूली बढ़त के साथ 95.47 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में फिर से तनाव उत्पन्न होने के बाद पैदा हुई अस्थिरता के बावजूद शेयर बाजार में सुधार और सरकारी बैंकों द्वारा डॉलर की बिकवाली से रुपये को समर्थन मिला

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला जो उसके पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.58 से 95.28 के दायरे में रहा। अंत में यह 95.47 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से मात्र एक पैसे की बढ़त है। रुपया बुधवार को 52 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.48 पर बंद हुआ था।

विश्लेषकों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और मजबूत डॉलर ने रुपये पर दबाव डाला। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के कोष प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, ÷रुपया आज मजबूत हुआ, जबकि कल यह दबाव में था। भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला, वहीं सरकारी बैंकों ने डॉलर बेचे, जिसे आम तौर पर आरबीआई की ओर से की गई पहल माना जाता है। हालांकि, पश्चिम एशिया में तनाव सबसे बड़ा नकारात्मक कारक बना हुआ है और अमेरिका तथा ईरान से जुड़े ताजा सैन्य घटनाक्रम के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।÷

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत बढ़कर 100.77 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78.40 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 238.22 अंक चढ़कर 76,741.82 अंक पर जबकि निफ्टी 80.75 अंक मजबूत होकर 23,962.80 अंक पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने बृहस्पतिवार को 532.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक चित्रा रामकृष्ण की याचिका खारिज की



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनएसई की पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चित्रा रामकृष्ण की उस याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 'को-लोकेशन'***
घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत उनके खिलाफ आरोपों पर संज्ञान लेने संबंधी निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रविंद्र दुडेजा की पीठ ने कहा कि एनएसई एक 'सार्वजनिक दायित्व' निभाता है और याचिकाकर्ता उसकी सीईओ एवं प्रबंध निदेशक होने के नाते ऐसे कार्य और दायित्व का निर्वहन कर रही थीं, जिससे आम जनता का हित जुड़ा हुआ है।

पीठ ने चित्रा रामकृष्ण के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए एनएसई के निदेशक मंडल द्वारा दी गई मंजूरी को भी बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि यह मंजूरी केवल इस सीमित प्रश्न पर निर्भर थी कि उन पर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम लागू होता है या नहीं। केवल इसी आधार पर इसे निरस्त नहीं किया जा सकता।

रामकृष्ण ने दलील दी थी कि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में 'लोक सेवक' की परिभाषा अत्यधिक अस्पष्ट है और इसलिए इसे असंवैधानिक घोषित किया जाना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि किसी निजी कंपनी में कार्यरत व्यक्ति पर यह प्रावधान लागू नहीं हो सकता। इस याचिका का केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और केंद्र सरकार ने विरोध किया।

उच्च न्यायालय ने 54 पृष्ठ के अपने फैसले में कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में 'लोक सेवक' की परिभाषा इतनी अस्पष्ट या अनिश्चित नहीं है कि उसे असंवैधानिक ठहराया जाए।

अदालत ने कहा कि एनएसई एक मान्यता प्राप्त शेयर बाजार है, जो केवल एक सामान्य व्यावसायिक संस्था नहीं है, बल्कि निवेशकों के हितों की रक्षा सहित सार्वजनिक हित से जुड़े महत्वपूर्ण आर्थिक कार्य करता है। साथ ही, इसकी अधिकांश हिस्सेदारी सरकारी कंपनियों के पास है। पीठ ने कहा कि एनएसई अपने अधिकारियों के माध्यम से कार्य करता है, इसलिए याचिकाकर्ता को संस्था द्वारा किए जाने वाले कार्यों से पूरी तरह अलग नहीं माना जा सकता।

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि एनएसई के आंतरिक प्रबंधन में याचिकाकर्ता सार्वजनिक दायित्व निभा रही थीं या नहीं तथा दैनिक कामकाज और नीतिगत निर्णयों में उनकी क्या भूमिका थी, यह साक्ष्यों के आधार पर तय होने वाला विषय है और इस स्तर पर इसका फैसला नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि तथ्यों और कानून से जुड़े ऐसे मिश्रित प्रश्नों के आधार पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र को भी रद्द नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, ÷उपरोक्त कारणों से हमें इस याचिका में कोई दम नहीं दिखता। इसलिए याचिका और इससे संबंधित लंबित आवेदन को खारिज किया जाता है।÷

## भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लगातार उच्च वृद्धि की जरूरीः आईएमएफ




**वाशिंगटन, (भाषा)।**

***अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि लगातार तेज आर्थिक वृद्धि और सुधारों की निरंतरता भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जाएगी।***

आईएमएफकी यह टिप्पणी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ) के ताजा अनुमान जारी करने के एक दिन बाद आई है। इसमें भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल और वैश्विक वृद्धि का प्रमुख इंजन बताया गया है। आईएमएफके संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बुधवार को जारी डब्ल्यूईओ अपडेट में अनुमान लगाया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी और जोखिमों का संतुलन अप्रैल के अनुमान की तुलना में बेहतर रहेगा। वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो आगे बढ़कर 6.7 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए भारत को लंबे समय तक तेज आर्थिक वृद्धि बनाए रखने और लगातार सुधारों को आगे बढ़ाने की जरूरत होगी।

कोजैक ने कहा, ÷भारत को अपने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सुधारों की दिशा में आगे बढ़ना होगा। इसमें कौशल विकास को मजबूत करना, श्रम बाजार में लचीलापन बढ़ाना, कारोबार से जुड़ी लागत और नियामकीय बोझ कम करना तथा व्यापार एकीकरण को गहरा करना शामिल है।÷ उन्होंने कहा कि भारत ने संरचनात्मक सुधारों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इनमें नए श्रम कानूनों को लागू करना, नए व्यापार समझौते करना और राज्यों के स्तर पर नियमन को सरल बनाने की दिशा में उठाए गए कदम शामिल हैं। विनिर्माण क्षेत्र पर पूछे गए सवाल के जवाब में आईएमएफ अधिकारी ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने की प्रक्रिया से भारत को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक इसका फायदा कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में अधिक दिखाई दिया है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र प्रमुख है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा है और स्मार्टफोन देश के प्रमुख निर्यात उत्पादों में शामिल हो गया है।

कोजैक ने कहा कि निर्यात के लिए उत्पादन में हुई इस वृद्धि का बड़ा हिस्सा विदेशी कंपनियों के बजाय घरेलू अनुबंध विनिर्माताओं के जरिये हो रहा है।

## औद्योगिक मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन में सुधार, आयातित खाद्य तेलों में गिरावट..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***बिनौला तेल की नगण्य उपलब्धता और सूरजमुखी तेल से सस्ता होने की वजह से औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बृहस्पतिवार को मूंगफली तेल-तिलहन के दाम मजबूत रहे।***

विदेशों में गिरावट के कारण सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन जैसे आयातित खाद्य तेलों में गिरावट दिखाई दी। बेहद सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल में स्थिरता देखी गई।

मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में गिरावट का रुख था। सूत्रों ने कहा कि बिनौला तेल की नगण्य उपलब्धता तथा सूरजमुखी तेल से 7-8 रुपये किलो सस्ता होने के कारण नमकीन बनाने वाली कंपनियों की मूंगफली तेल की मांग बढ़ रही है।

गंधहीन तेल होने के कारण बड़ी कंपनियां मूंगफली तेल का उपयोग अधिक करती हैं। इस औद्योगिक मांग की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया।

दूसरी ओर, विदेशों में गिरावट के रुख तथा आयातकों द्वारा लागत से नीचे दाम पर बिकवाली की वजह से विशेषकर सीपीओ एवं पाम-पामोलीन तथा सोयाबीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। शिकॉगो एक्सचेंज में कल शाम सुधार था मगर रात यह गिरावट के साथ बंद हुआ।

बेहद सुस्त कामकाज और कमजोर कारोबारी गतिविधियों के बीच सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के दाम स्थिर रहे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे

सरसों तिलहन - 7,750-7,775 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,950-7,525 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,560-2,860 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,630-2,730 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,630-2,780 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,120 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,650 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,050 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,175-7,225 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,025-7,100 रुपये प्रति क्विंटल।

## एसीएफआई ने 'स्लो पॉइज़न' के ट्रेलर पर आपत्ति जताई, सीबीएफसी से दावों की जांच की अपील..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***एग्रो केम फेडरेशन ऑफइंडिया (एसीएफआई) ने जल्द आने वाली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी: स्लो पॉइजन इन प्रोग्रेस' के ट्रेलर में कृषि रसायन उत्पादों के खिलाफलगाए गए 'गुमराह करने वाले और बिना सबूत के आरोपों' पर कड़ी आपत्ति जताई है।***

साथ ही, एसीएफआई ने सीबीएफसी से फिल्म को 24 जुलाई को रिलीज किये जाने से पहले इन दावों की जांच करने का आग्रह किया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफफिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) के अध्यक्ष, शशि शेखर वेम्पति को दिए गए एक ज्ञापन में एसीएफआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिल्म में किए गए दावे भारतीय किसानों की छवि खराब करते हैं और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूद नियामकीय एवं कानूनी सुरक्षा उपायों को कमजोर करते हैं।

एसोसिएशन ने कहा, ''इन दावों को तथ्यों के तौर पर पेश किया गया है, लेकिन कोई स्रोत, तरीका, भौगोलिक संदर्भ या वैज्ञानिक आधार नहीं बताया गया है।'' उन्होंने कहा कि भरोसेमंद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से मिले सबूत बिल्कुल अलग तस्वीर पेश करते हैं।

एसीएफआई के निर्देशक, जनरल कल्याण गोस्वामी ने कहा कि ट्रेलर ''भारत की कृषि और खाद्य प्रणालियों को डरावने और सनसनीखेज तरीके से पेश करता है'' और बिना किसी वैज्ञानिक सबूत के आधुनिक कृषि तरीकों और सार्वजनिक स्वास्थ्य व सामाजिक मुद्दों के बीच सीधा संबंध दिखाता है।

गोस्वामी ने बयान में कहा, ''यह देखना चौंकाने वाला है कि फिल्म की कहानी न केवल वैज्ञानिक रूप से बेबुनियाद है, बल्कि यह भारत की कृषि संबंधी प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाती है और हमारे किसानों की आजीविका व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है।''

एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रमाणन और सार्वजनिक प्रदर्शन से पहले किसी भी गुमराह करने वाले, बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए, बिना पुष्टि वाले या बिना सबूत वाली सामग्री या विषयवस्तु पर ध्यान दिया जाए।

भरोसेमंद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के आंकड़ों का हवाला देते हुए एसीएफआई ने कहा कि खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, भारत में सालाना कीटनाशकों की खपत लगभग 40,094 टन है।

एसोसिएशन ने कहा, ''इन उत्पादों का इस्तेमाल खेतों में मंजूरशुदा कृषि तरीकों के अनुसार किया जाता है; इसका मतलब यह नहीं है कि लोग 50,000 से ज्यादा टन कीटनाशक खा रहे हैं।''

इसने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तहत सरकार समर्थित अध्ययनों का भी हवाला दिया, जिनसे पता चलता है कि जांच किए गए 96.5 प्रतिशत से ज्यादा कृषि उत्पादों में कीटनाशक अवशेष की तय सीमा का पालन किया गया है और उन्हें खाने के लिए सुरक्षित माना जाता है। एसीएफआई ने यह भी कहा कि ट्रेलर में कैंसर के मामलों और खेती की उपज के बीच सीधा संबंध दिखाने की कोशिश, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा कैंसर के मुख्य जोखिम कारकों के तय आकलन से मेल नहीं खाती।

इसने ट्रेलर में मौत के आंकड़ों को पेश करने के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि इससे कीटनाशकों से जुड़ी मौतों के कारणों और संदर्भ के बारे में गलतफहमी पैदा होती है।

फिल्म में भारतीय भोजन को 'धीमा जहर' बताने को किसानों के लिए बेहद दुखद बताते हुए, एसीएफआई ने कहा कि इस तरह के चित्रण से देश के भीतर लोगों का भरोसा कम होता है और इसके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुरे नतीजे हो सकते हैं।

एसोसिएशन ने अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करने का आह्वान किया, खासकर उन विषयों पर जो सार्वजनिक स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, किसानों की आजीविका और राष्ट्रीय हित से जुड़े हों। उसने चेतावनी दी कि फिल्म का चित्रण भारत की प्रतिष्ठा, उसकी विनियामक संस्थाओं की विश्वसनीयता और खाद्य व कृषि क्षेत्र की आर्थिक मजबूती को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकता है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कुंए में जहरीली गैस के रिसाव से दो लोगों की मौत, मोटर पंप सुधारने उतरे थे ग्रामीण





जगप्रेरणा किरनापुर।

***थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीपरटोला में आज एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ एक कुएं में खराब हुए मोटर पंप को सुधारने उतरे***

दो ग्रामीणों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## कैसे हुआ हादसा..

मिली जानकारी के अनुसार, पिपरटोला ग्राम में एक कुंए का मोटर पंप खराब हो गया था। उसे ठीक करने के लिए दोनों ग्रामीण दहेदी निवासी युवराज पिता चंदनलाल बिसेन और महेश पिता हरक लाल चौधरी दिनांक 09/07/2026 के शाम 5 से 6 बजे के बीच कुएं के भीतर उतरे थे। कुएं में काफी समय से जहरीली गैस का रिसाव हो रहा था, जिससे अनजान दोनों व्यक्ति जैसे ही गहराई में पहुंचे, उनका दम घुटने लगा। जहरीली गैस के तीव्र असर के कारण उन्हें संभलने का मौका भी नहीं मिला और दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## ग्रामीणों में हड़कंप, पुलिस जांच में जुटी..

जब काफी देर तक कुएं के भीतर से कोई हलचल नहीं हुई, तो आसपास मौजूद अन्य ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। कुएं के भीतर झांकने पर दोनों अचेत अवस्था में मिले। ग्रामीणों ने तुरंत इस बात की सूचना किरनापुर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिसः सूचना मिलते ही किरनापुर थाना पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची।

## प्रशासन की अपील..

इस हृदयविदारक घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि लंबे समय से बंद पड़े या गहरे कुओं, बावड़ियों में बिना सुरक्षा उपकरणों के और गैस की जांच किए बगैर न उतरें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# संबल योजना से देवेश को मिली 2 लाख की सहायता राशि..

## विधायक कर्राहे की उपस्थिति में नपा के पदाधिकारियों ने सौंपा चेक





जगप्रेरणा लांजी।

***प्रदेश सरकार की संबल योजना के तहत स्वर्गीय देवेश तिड़के की पत्नी श्रीमती गीता तिड़के को दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई।***

यह राशि लांजी विधानसभा के विधायक राजकुमार कर्राहे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर और वार्ड नंबर 09 के पार्षद किशोर रामटेककर के हाथों दी गई।

कार्यक्रम में वार्ड नंबर 09 के निवासियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। स्वर्गीय देवेश तिडके के निधन के बाद संबल कार्ड धारक परिवार को शासन की योजना के अंतर्गत यह आर्थिक सहायता दी गई, जिससे परिवार को कुछ राहत मिली है। विधायक राजकुमार कर्राहे ने सहायता राशि सौंपते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार आम जनता के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने परिवार की हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। संबल योजना के तहत सामान्य मृत्यु पर दी जाने वाली यह सहायता कई जरूरतमंद परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा साबित हो रही है। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से विधायक राजकुमार कर्राहे को अवगत कराया। विधायक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

## पार्षद के निवास पर हुई संगठन की बैठक..

इसके बाद पार्षद किशोर रामटेक्कर के निवास पर अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन मजबूती और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल सर्टिफिकेट अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान प्रमुख रूप से लांजी मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, गौरव बैस, नवीन रामटेक्कर, महिला मोर्चा पदाधिकारी प्रेमा सिसोदिया, श्रीमती श्यामा मुरकुटे, वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के बीच मजबूत समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करता है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाने और जन समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# सड़कों पर आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी दुकानों के साथ खेती को पंहुचा रहे नुकसान

## मार्ग पर घट चुकी है अनेक घटनाएं..



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर में एक बार फिर आवारा पशुओं की सड़कों पर बढ़ती संख्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है।***

बारिश का मौसम शुरू होते ही नगर की मुख्य सड़कों, बाजार क्षेत्रों और चौक-चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। आवारा पशुओं के कारण जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर की बालाघाट रोड़, आमगांव रोड़, सालेटेकरी रोड़, भिलाई रोड़ पर दिनभर गाय, बैल और अन्य मवेशी झुंड बनाकर बैठे रहते हैं, जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं और बड़े वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। कई बार वाहन चालक अचानक सामने आए पशुओं को बचाने के प्रयास में दुर्घटना का शिकार होते-होते बचते हैं। विशेष रूप से शाम के समय नगर क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर लोगों की भीड़ के बीच मवेशियों की आवाजाही बनी रहती है। सब्जी बाजार और किराना दुकानों के सामने घूम रहे आवारा पशु व्यापारियों के लिए भी सिरदर्द बने हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि पशु अचानक दुकानों के सामने पहुंचकर सब्जियां और फल नुकसान पहुंचा देते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। कई बार ग्राहकों के हाथों से सामान छीन लेने जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। नगर के नागरिकों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति खरीदारी कर थैला मोटरसाइकिल में टांग देता है तो आवारा पशु उसे भी खाने लगते हैं, जिससे लोगों को असुविधा और नुकसान दोनों उठाना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा पहले समय-समय पर आवारा पशुओं की धरपकड़ की कार्रवाई की जाती थी, लेकिन लंबे समय से इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। इसका परिणाम यह है कि पशुपालक भी अब अपने मवेशियों को खुला छोड़ने लगे हैं। नगर परिषद के पास आवारा पशुओं की पकड़ के लिए विशेष वाहन उपलब्ध होने के बावजूद स्थिति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है।

नगरवासियों ने मांग की है कि नगर परिषद नियमित अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई करे और पशु मालिकों के खिलाफ जुर्माना या अन्य दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे। नागरिकों का मानना है कि यदि पशु मालिकों पर सख्ती की जाए तो आवारा पशुओं की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। नगर के लोगों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं और परेशानियों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# नवीन शिक्षा सत्र में सुरक्षित बस संचालन के लिए पुलिस का विशेष जांच अभियान शुरू..





जगप्रेरणा लांजी।

***पुलिस मुख्यालय भोपाल मध्यप्रदेश शासन के द्वारा सभी संभाग आयुक्त एवं जिला पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किये गय है। वर्तमान में नवीन स्कूल सत्र प्रारंभ हो रहा है।***

ऐसे में स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन हेतु 10 दिवसीय विशेष स्कूल बस चेकिंग अभियान चलाया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा सभी मापदण्डो की जांच की जाकर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिसके तहत बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्र में उक्त अभियान चलाये जाने हेतु थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है। जिसके परिपालन में लांजी थाना पुलिस बल के द्वारा उक्त अभियान के तहत एक जांच अभियान चलाया गया है।

## बस चालको की लापरवाही से होते है अनेको हादसे..

बतादे कि अनेको बार देखने में आये है बस चालकों की लापरवाही से अनेको हादसे घटित होते है। तेज गति से वाहन चलाना, यातायात नियमों का पालन नही करना। जिसके चलते अक्सर दुर्घटनाऐं घटित होती है। बच्चो की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं से एक है। इसी दृष्टि में उक्त 10 दिवसीय अभियान चलाया जाये तथा विभिन्न मापदण्डों की जांच कर कार्यवाही कि जाये।

## स्कूल बसों की होगी सघन जांच, नियमों की अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई..

थाना प्रभारी लांजी मुकेश दुबलिया ने कहा कि जारी निर्देशों के अनुसार स्कूल बसों का फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र **(PC)** की जांच की जा रही है। साथ ही बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर तथा सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण होगा। इसके अलावा स्कूल बस चालकों के पास कम से कम पांच वर्ष पुराना भारी वाहन **(HMV)** लाइसेंस होना अनिवार्य रहेगा। चालकों एवं परिचालकों का पुलिस सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाएगा। नशे की स्थिति में वाहन संचालन रोकने के लिए चालकों की समय-समय पर ब्रीथ एनालाइजर से जांच होगी। यदि कोई चालक नशे में वाहन चलाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर वाहन जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी स्थिति में बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाया जाएगा। स्कूलों के आसपास तथा प्रमुख मार्गों पर स्कूल बसों की अधिकतम गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा या उससे कम निर्धारित की गई है, साथ ही इन्ही मानकों की नियमित निगरानी की जाएगी। इसी परिपालन में 9 जुलाई को लांजी नगर में संचालित स्कूलों के वाहनो की सघन जांच की गई। साथ ही आगामी 10 दिनों तक उक्त अभियान चलाया जायेगा जिसमे उक्त नियमों के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

# प्राकृतिक खेती के लिए किसान पूरनलाल अवसरे ने खाद के रूप में ढैंचा की बुआई..

## कृषि विभाग ने प्रगति का लिया जायजा..





जगप्रेरणा लांजी।

***प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद के रूप में ढेंचा (कैंचा) की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।***

इसी क्रम में लांजी विकासखंड के ग्राम मोहझरी में कृषक पूरनलाल अवसरे के खेत का कृषि विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर फसल की प्रगति का जायजा लिया। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा श्री अवसरे को हरी खाद के लिए ढेंचा का बीज उपलब्ध कराया गया था।

किसान ने लगभग दो एकड़ क्षेत्र में इसकी बुवाई की है। 4 जुलाई को कृषि विस्तार अधिकारी ने खेत का निरीक्षण कर फसल की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान ढेंचा की फसल स्वस्थ, सघन एवं अच्छी बढ़वार वाली पाई गई, जिस पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त करते हुए किसान की सराहना की। निरीक्षण के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी ने पूरनलाल अवसरे को हरी खाद तैयार करने के साथ-साथ ढेंचा के बीज उत्पादन की भी सलाह दी। अधिकारियों ने बताया कि बीज उत्पादन से किसान को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी, वहीं क्षेत्र के अन्य किसानों को भी गुणवत्तापूर्ण स्थानीय बीज आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि ढेंचा एक उत्कृष्ट हरी खाद फसल है। इसे खेत में पलटने से मिट्टी में जैविक पदार्थ एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे भूमि की उर्वरता, जल धारण क्षमता और मिट्टी की संरचना में उल्लेखनीय सुधार होता है। इसके परिणामस्वरूप आगामी फसलों की पैदावार बढ़ाने में मदद मिलती है तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता भी कम होती है।

कृषि विभाग ने किसानों से हरी खाद की फसलों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा मिलेगा। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं तकनीकी मार्गदर्शन का लाभ उठाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन और बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं। डेंचा फसल के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुलदीप गणवीर, अमित नारनौरे, कृष्णा खरे, कबीर कुमार एवं क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अंकित मेश्राम उपस्थित थे।

# खेत से मिट्टी भरे ट्रैक्टर से सड़कों पर फैलता है कीचड़ सड़कों पर फिसलन की वजह से बढ़ रही दुर्घटनाएं..





जगप्रेरणा लांजी।

***भारी बारिश और धान की रोपाई के मौसम में खेतों में ट्रैक्टरों की भागदौड़ तेज हो गई है। आधुनिक यंत्रों के इस दौर में लकड़ी के हल अब लगभग गायब हो चुके हैं।***

किसान भाई अब ट्रैक्टर की मदद से खेतों में कीचड़ तैयार कर धान के पौधे रोप रहे हैं।

लेकिन इस प्रक्रिया में एक गंभीर समस्या सामने आ रही है। खेत से कीचड़ बनाकर जब ट्रैक्टर सड़क पर निकलता है तो उसके टायरों में चिपकी चिकनी मिट्टी सड़क पर धीरे-धीरे गिरने लगती है।

इस फिसलन भरी मिट्टी पर सायकिलो से स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं एवं तेजी से गुजरने वाले दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर फिसल जाते हैं। ऐसे कई हादसे हाल के दिनों में सामने आए हैं, जिनमें कई लोग घायल भी हुए हैं। ट्रैक्टर चालकों से अपील है कि खेत में काम पूरा होने के बाद रोड पर निकलने से पहले थोड़ा समय निकालकर अपने ट्रैक्टर को खेत के अंदर या सड़क के किनारे खड़ा कर कैच व्हील, रोटावेटर एवं टायरों की मिट्टी को साफ कर लें। इससे सड़क पर मिट्टी नहीं गिरेगी और फिसलन की समस्या समाप्त हो जाएगी। एक छोटी सी सावधानी कई परिवारों को दुर्घटना से बचा सकती है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा
● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### हवा के एक झोंके में उड़ गया सांसद मैडम का लोहे वाला विकास

# लामता - लालबर्रा रोड के नरसिंगा में उखड़ा यात्री प्रतीक्षालय, अब कबाड़ में बेच रहे हैं लोग

जगप्रेरणा लामता, बालाघाट।

***कहते हैं सरकारी काम अगर ईमानदारी से न हो, तो वह ज्यादा दिन टिकता नहीं है। ऐसा ही एक ताजा नजारा लामता से लालबर्रा रोड पर पड़ने वाले ग्राम नरसिंगा में देखने को मिला है। यहाँ बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की भाजपा सांसद भारती पारधी की तरफसे हर गाँव में लोहे के यात्री प्रतीक्षालय (बस स्टॉप) बंटवाए गए थे।***



बड़े-बड़े दावे किए गए थे कि अब यात्रियों को धूप-पानी से निजात मिलेगी। लेकिन नरसिंगा गाँव में इस लोहे के विकास की हवा निकल गई वो भी सचमुच की हवा से यहाँ आई एक तेज रफ्तार हवा के झोंके ने इस भारी-भरकम लोहे के प्रतीक्षालय को एक झटके में उखाड़कर फेंक दिया। इसे देखकर अब गाँव के लोग तंज कस रहे हैं कि भैया, जिस रफ्तार से हवा ने इस सरकारी शेड को उखाड़ा है, ठीक उसी रफ्तार से आने वाले चुनाव में यहाँ की जनता भाजपा को लोकसभा से उखाड़ फेंकेगी।

## भाजपा सांसद पर जनता का फूटा गुस्सा

इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। टूटे हुए प्रतीक्षालय को देखकर राहगीर और ग्रामीण अब सीधे तौर पर क्षेत्र के राजनीतिक नेतृत्व पर निशाना साध रहे हैं। नरसिंगा के आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फएक लोहे के शेड का उखड़ना नहीं है, बल्कि यह जनता के पैसों का सरेआम मजाक है।

गाँव के चौपालों पर अब इस बात की चर्चा आम हो गई है कि जिस तरह तेज रफ्तार हवा ने सांसद महोदया के इस खोखले विकास को एक झटके में उखाड़ फेंका, ठीक उसी तरह आगामी चुनाव में क्षेत्र की पीड़ित और उपेक्षित जनता बालाघाट-सिवनी लोकसभा सीट से भाजपा को उखाड़ फेंकेगी। लोगों का कहना है कि नेता सिर्फवोट मांगने आते हैं, लेकिन काम के नाम पर ऐसा घटिया निर्माण थमा दिया जाता है जो एक सीजन भी नहीं टिक पाता।

## लूट का अड्डा बना यात्री प्रतीक्षालय, कबाड़ियों की चमकी किस्मत

हादसे से भी ज्यादा शर्मनाक बात यह है कि इस प्रतीक्षालय के गिरने के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इससे पूरी तरह मुंह मोड़ लिया। नतीजा यह हुआ कि अब इस सरकारी संपत्ति पर कबाड़ चोरों की नजर पड़ चुकी है।

ग्राउंड जीरो से आ रही खबरों के मुताबिक, लावारिस पड़े इस भारी-भरकम लोहे के ढांचे को लोग धीरे-धीरे लूट रहे हैं। रात के अंधेरे में और दिन के उजाले में भी, असामाजिक तत्व और कुछ स्थानीय लोग इसके लोहे के चद्दर, एंगल और पाइपों को उखाड़-काटकर कबाड़ की दुकानों में औने-पौने दामों पर बेच रहे हैं। जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा अब कबाड़ियों की जेबों में जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों में बैठकर फाइलों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।

## यात्री परेशान, खुले आसमान के नीचे खड़े होने की मजबूरी

इस पूरी खींचतान और लापरवाही के बीच सबसे ज्यादा परेशान वो आम जनता और राहगीर हो रहे हैं, जिनके लिए यह बनाया गया था। नरसिंगा और आस-पास के गाँवों के बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे जो यहाँ से बस या ऑटो पकड़ते हैं, उन्हें अब चिलचिलाती धूप और अचानक होने वाली बारिश में सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे खड़ा रहना पड़ता है।

अब क्षेत्र की जनता प्रशासन और सांसद महोदया से सीधा सवाल पूछ रही है कि आखिर इस भ्रष्टाचार और लापरवाही का दोषी कौन है? क्या इस घटिया निर्माण की जांच होगी या फिर पूरे प्रतीक्षालय के कबाड़ में बिक जाने के बाद इस मामले की फाइल को हमेशा के लिए दबा दिया जाएगा? जनता अब आगामी चुनाव में इसका हिसाब चुकता करने का मन बना चुकी है।

# समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल न करने वाले करदाताओं को विलंब शुल्क हेतु जारी किये जा रहे सूचना पत्र..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***वाणिज्यिक कर विभाग ने सभी पंजीकृत करदाताओं को समय पर जीएसटी रिटर्न प्रस्तुत करने के संबंध में चेतावनी जारी की है। विभाग द्वारा समय पर तस्ज्ञक्र-1 प्रस्तुत नहीं करने वाले 56 व्यवसायियों को विलंब शुल्क हेतु सूचना पत्र जारी किए गए है।***

विभाग द्वारा उक्त व्यवसायियों से विलंब शुल्क वसूली हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। विभाग ने बताया कि अनेक करदाता निर्धारित समय सीमा के भीतर जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं कर रहे हैं, जबकि यह प्रत्येक पंजीकृत करदाता का वैधानिक दायित्व है।

विभाग के अनुसार, 5 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक टर्नओवर वाले नियमित मासिक करदाताओं के लिए तस्ज्ञक्र-1 रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि प्रत्येक माह की 11 तारीख तथा तस्ज्ञक्र-3क्करिटर्न की अंतिम तिथि 20 तारीख निर्धारित है। वहीं, 5 करोड़ रुपये से कम टर्नओवर वाले त्रैमासिक नियमित करदाताओं के लिए तस्ज्ञक्र-1 की अंतिम तिथि 13 तारीख और तस्ज्ञक्र-3क्ककी अंतिम तिथि 22 तारीख है। राज्य कर सहायक आयुक्त श्रीमती सरिता सिरसाम ने स्पष्ट किया है कि रिटर्न दाखिल करने में विलंब होने पर नियमानुसार विलंब शुल्क, ब्याज एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसके अलावा लगातार रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं के विरुद्ध पंजीयन निरस्तीकरण सहित कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

वाणिज्यिक कर विभाग ने सभी लंबित करदाताओं से अपनी बकाया जीएसटी रिटर्न तत्काल दाखिल करने तथा भविष्य में निर्धारित समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है। विभाग का कहना है कि समय पर रिटर्न दाखिल करने से कर प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ती है और कर अनुपालन को मजबूती मिलती है। करदाताओं को किसी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रक्रियागत कठिनाई होने पर राज्य कर सहायक आयुक्त कार्यालय, बालाघाट वृत्त अथवा जीएसटी सहायता केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी गई है। विभाग ने सभी करदाताओं से सहयोग की अपेक्षा करते हुए समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# मछुआ दिवस पर आत्मा परियोजना के तहत किसानों का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दल रवाना..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मछुआ दिवस के अवसर पर कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के चयनित किसानों का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण दल आज 09 जुलाई को जवाहरलाल नेहरू कृषि महाविद्यालय के लिए रवाना किया गया।***




भ्रमण का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि एवं मत्स्य पालन की उन्नत तकनीकों से अवगत कराना है। भ्रमण के दौरान किसान कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों से सीधे संवाद करेंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज उत्पादन, फसल प्रबंधन तथा कृषि आधारित नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त करेंगे। किसान विभिन्न अनुसंधान इकाइयों एवं प्रदर्शन प्रक्षेत्रों का अवलोकन कर आधुनिक तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी भी हासिल करेंगे।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से किसानों को नवीन तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है, जिससे खेती की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने तथा किसानों की आय में वृद्धि करने में मदद मिलती है। आत्मा परियोजना के अंतर्गत आयोजित इस दो दिवसीय भ्रमण में जिले के विभिन्न विकासखंडों के किसान शामिल हुए हैं। विभाग ने किसानों से भ्रमण के दौरान प्राप्त तकनीकी जानकारी को अपने खेतों में अपनाने तथा अन्य किसानों के साथ भी साझा करने का आग्रह किया।

# कपिलधारा कूप से बदली किस्मतः किसान धनेंद्र लक्ष्मण की खेती बनी समृद्धि का आधार

जगप्रेरणा बालाघाट।

***यह कहानी है बालाघाट जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा के ग्राम पंचायत लोहारा के एक ऐसे किसान की, जिन्होंने सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन और अपनी मेहनत के दम पर अपनी तकदीर खुद लिखी है। किसान धनेंद्र लक्ष्मण, जो कभी खेती के लिए केवल***





मानसून की बारिश का इंतज़ार करते थे, आज मनरेगा (रूत्रहक्रश्वत्र) की 'कपिलधारा कूप' योजना के सहारे आत्मनिर्भर बन चुके हैं।

साल 2019 से पहले, धनेंद्र लक्ष्मण की खेती की कहानी कुछ ऐसी ही थी, जैसी अधिकांश छोटे किसानों की होती है पूरी तरह वर्षा पर निर्भर। सिंचाई का कोई स्थायी साधन न होने के कारण, वे साल में केवल एक बार धान की फसल ले पाते थे। इससे होने वाली आय परिवार के खर्चों के लिए पर्याप्त नहीं थी, जिसके कारण आर्थिक तंगी हमेशा बनी रहती थी। किसान के संघर्ष को देखते हुए, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत उनके खेत में 'कपिलधारा कूप' निर्माण को स्वीकृति मिली। कूप बनने के बाद जैसे उनके खेतों के दिन फिर गए। अब उन्हें सिंचाई के लिए बादलों की ओर नहीं ताकना पड़ता। साल के 12 महीने पानी की उपलब्धता ने खेती का पूरा भूगोल ही बदल दिया।

सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलते ही धनेंद्र ने अपनी कृषि पद्धति में बदलाव किया। धान की पारंपरिक खेती के साथ-साथ उन्होंने रबी की फसलों और बागवानी (सब्जियों) की ओर रुख किया। आज उनके खेत में साल भर हरियाली रहती है और अलग-अलग फसलों का उत्पादन होने से उनकी वार्षिक आय में कई गुना वृद्धि हुई है। अपनी इस सफलता पर धनेंद्र लक्ष्मण कहते हैं, ÷कपिलधारा कूप केवल जमीन के अंदर बना पानी का स्रोत नहीं है, यह मेरे परिवार की खुशहाली की नींव है। इस योजना ने न केवल मुझे सिंचाई की सुविधा दी, बल्कि मुझे भविष्य के प्रति आत्मविश्वास भी दिया है।÷

ग्राम पंचायत लोहारा में धनेंद्र लक्ष्मण की सफलता की यह कहानी अब दूसरे किसानों के लिए एक नजीर बन गई है। उनकी कामयाबी यह साबित करती है कि यदि जल संरक्षण और कृषि के आधुनिक साधनों को सही ढंग से जोड़ा जाए, तो छोटे किसान भी अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकते हैं। मनरेगा के तहत निर्मित यह कपिलधारा कूप आज न केवल धनेंद्र के खेतों को सींच रहा है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों को भी नवाचार और तरक्की की ओर बढने् के लिए प्रेरित कर रहा है।

# डायरिया रोको अभियानः पीएचई विभाग ने 10 गाँवों में सुधारे हैंडपंप, पानी को किया संक्रमण मुक्त

जगप्रेरणा बालाघाट।



जिले में डायरिया के प्रसार को रोकने और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) ने युद्ध-स्तर पर अभियान तेज कर दिया है।

इसी कड़ी में 9 जुलाई को विभाग की टीम ने बालाघाट, वारासिवनी, खैरलाँजी, किरनापुर, लांजी और लालबर्रा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। विभाग की टीम ने 09 जुलाई को ग्राम सरण्डी, नांदगाव, मुरझड, मोहझरी, बिंझलगाँव, नीमदेवाड़ा, निलजी, पुलपुट्टा, नैतरा और रोशना का दौरा किया।

यहाँ विभाग के तकनीकी अमले ने खराब पड़े हैंडपंपों की पहचान कर उन्हें तत्काल दुरुस्त किया, ताकि ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना न पड़े। शुद्ध और सुरक्षित पानी सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने केवल खराब हैंडपंपों की ही मरम्मत नहीं की, बल्कि प्रभावित गाँवों के सभी सक्रिय हैंडपंपों में 'जर्मेक्स' (क्लोरीनीकरण) का उपयोग किया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्लोरीनीकरण से जलजनित बीमारियों को फैलाने वाले कीटाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए अपील की है कि वे सावधानी बरतें। विभाग ने ग्रामीणों से विशेष रूप से आग्रह किया कि पीने के पानी को हमेशा छानकर उपयोग करें।

पानी के बर्तनों को ढंककर रखें। इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। विभाग का कहना है कि डायरिया रोको अभियान के तहत आगामी दिनों में भी जिले के अन्य क्षेत्रों में इसी तरह की स्वच्छता मुहिम जारी रहेगी।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

# जिले में संक्रामक रोग रोकथाम अभियान तेज, गांवों में लार्वा नाशक दवा का छिड़काव जारी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जिले में संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं उन्मूलन के उद्देश्य से येशपाल स्वास्थ्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा व्यापक जनजागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बालाघाट विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में नालियों, शौचालयों,***









सार्वजनिक स्थलों तथा जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर लार्वा नाशक कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। संस्था के संचालक डी.टी.पी. टेंभरे ने बताया कि अभियान का तीसरा चरण 1 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। वर्तमान में ग्राम पंचायत धपेरा, कुम्हारी, धापेवाड़ा, विश्रामपुर, जरेरा, अगड़वाड़ा, पाथरवाड़ा एवं कोलवा सहित विभिन्न गांवों में कार्य किया जा रहा है।

इसके बाद अभियान बालाघाट विकासखंड के अन्य गांवों के साथ-साथ लांजी विकासखंड के कारंजा, बापड़ी, कुल्पा, चीचमटोला, मिरिया एवं बोथली सहित अन्य ग्रामों में संचालित किया जाएगा, जिसे 30 जुलाई तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के दौरान टीम द्वारा घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। लोगों को घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सामान्य जानकारी देकर जागरूकता बढ़ाने का कार्य भी किया जा रहा है।

8 जुलाई को ग्राम पंचायत जरेरा में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती तराशन वरकड़े, पूर्व सरपंच सोनेलाल वरकड़े, मदनलाल मोहारे, महेश उइके, राजू परते, शिवकुमार मडावी, शिवकुमार उइके सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। 9 जुलाई को ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा में आयोजित अभियान में सरपंच एवं पूर्व कृषि उपज मंडी उपाध्यक्ष श्रीमती शतरूपा धमडे, सुभाष धमडे, फद्दल बनोठे, राजकुमार कोहरे, देवराम कुत्राहे, मुकुल सोनवाने सहित अनेक ग्रामीणों ने भाग लेकर अभियान का समर्थन किया। इसी क्रम में सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड के ग्राम पाडिया, छपारा एवं उगदीवाड़ा ग्राम पंचायतों में भी संक्रामक रोग रोकथाम अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया गया।

अभियान के सफल संचालन में अभियान प्रभारी के.के. गौतम के मार्गदर्शन में दल सदस्य अनिल उके, राहुल बिसेन, हितेश पारधी, आशीष चौधरी, अनिकेत चौधरी एवं जितेंद्र गौतम की सक्रिय भूमिका रही।

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0013.... ड - 154.... वर्ष 2026-27
मौजा कुमनगांव प.ह.न. 07

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम कुमनगांव तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक तेकाम आ. भद्देसिंह जाति गोंड निवासी ग्राम कुमनगांव तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपने पिता भद्देसिंह तेकाम पिता सुखराम तेकाम की मृत्यु दिनांक 18-07-2024 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत अंरडिया में रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत अंरडिया मे दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 03/7/2026 तक मेरे न्यायलय मे स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 29/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा

मान्यता ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# समग्र शिक्षा अभियान के कंत्राटी पर काम करने वाले कर्मचारी सरकारी नौकरी में कायम

### गोंदिया जिले के करीब 80 कर्मचारियों को फायदा..

जगप्रेरणा आमगांव।

***समग्र शिक्षा संघर्ष समिति, महाराष्ट्र राज्य के नेतृत्व में 9 मार्च, 2026 से 2 जुलाई, 2026 तक मुंबई के आज़ाद मैदान में लगातार 116 दिनों तक चले ऐतिहासिक आंदोलन को आखिरकार ज़बरदस्त सफलता मिली है।***

2 जुलाई, 2026 को हुई कैबिनेट मीटिंग में समग्र शिक्षा के बचे हुए कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए 'अधिसंख्य' पद बनाने और उन्हें सरकारी नौकरी में बनाए रखने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी गई। इस फैसले से समग्र शिक्षा के बचे हुए कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों का 20 साल का वनवास खत्म हो गया है और राज्य के हज़ारों कर्मचारियों को परमानेंट करने का रास्ता साफ़हो गया है। गोंदिया जिले के ज़िला शिक्षा विभागे कार्यालय में समग्र शिक्षा अभियान में काम करने वाले और कार्यालय में तालुका लेवल के गटसाधन केंद्र में काम करने वाले करीब 80 कर्मचारियों को फ़ायदा होगा। राज्य भर के समग्र शिक्षा कर्मचारियों में खुशी का माहौल बन गया है।

इस ऐतिहासिक फैसले के बाद, समग्र शिक्षा संघर्ष समिति, महाराष्ट्र राज्य ने राज्य के मुख्यमंत्री माननीय देवेंद्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री माननीय एकनाथ शिंदे, माननीय सुनेत्रा ताई पवार, स्कूली शिक्षा मंत्री माननीय दादासाहेब भुसे, शिक्षा राज्य मंत्री माननीय पंकज भाऊ भोयर, माननीय गिरीश भाऊ महाजन, माननीय भरतशेठ गोगावले और कैबिनेट के सभी मंत्रियों का दिल से आभार व्यक्त किया है।

इसके अलावा, संघर्ष समिति ने शिव संगठन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय प्रो. मनोहर धोंडे, समग्र शिक्षा अभ्यास समिति के सदस्य और विधायक माननीय ज्ञानेश्वर म्हात्रे, विधायक माननीय मनीषा कायंडे, विधायक माननीय जे. एम.डी. अभ्यंकर, विधायक माननीय किशोर दराडे, विधायक माननीय निरंजन डावखरे और राज्य के सभी माननीय विधायकों का भी विशेष आभार व्यक्त किया है। संघर्ष समिति ने इस संघर्ष में लगातार साथ देने वाले गैजेटेड ऑफिसर्स एसोसिएशन, सेंट्रल हेड एसोसिएशन, अलग-अलग टीचर्स एसोसिएशन, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर्स के साथ-साथ हर लेवल के लोगों और ऑर्गनाइज़ेशन्स को भी याद किया है और उनका शुक्रिया अदा किया है।

समग्र शिक्षा संघर्ष समिति की तरफसे जारी एक बयान में कहा गया है कि 116 दिन के चौबीसों घंटे के संघर्ष में मिली यह कामयाबी न सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की ऐतिहासिक जीत है, बल्कि यह इंसाफ, एकता और लगातार डेमोक्रेटिक रास्ते पर बना संघर्ष भी है। सरकार के इस फैसले से समग्र शिक्षा के बाकी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को स्टेबिलिटी, सिक्योरिटी और इज्ज़त के साथ सेवा करने का मौका मिला है, और यह फैसला राज्य के एजुकेशन सिस्टम के लिए भी एक अहम मील का पत्थर साबित होगा।



### बोली स्वाती भोयर..

'समग्र शिक्षा अभियान के तहत समग्र शिक्षा अभियान मे राज्य में 3000 से अधिक कर्मचारी विभिन्न पदों पिछ्ले 20 सालो अत्यंत अल्प मानधन पर काम कर रहे थे अनेक बार सरकारी सेवा में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन किये गये किंतु इस बार संघटना ने आझाद मैदान पर पुरे 116 दिनों तक आंदोलन किया जिसके बाद राज्य के कैबिनेट ने हम सभी समग्र शिक्षा अभियान मे कार्यरत कर्मचारियों को सरकारी नौकरी में शामिल करने का निर्णय लिया इसके लिये हम सभी कर्मचारी राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते है एवं इस पुरी लड़ाई मे हमारे संघटना के सभी पदाधिकारी सदस्यो ने हम सभी समग्र शिक्षा अभियान के कर्मचारियों को न्याय दिलाया।

इस हेतु उनका भी आभार व्यक्त करते है एवं सरकार जल्द सरकारी जी.आर.जारी कर हम सभी को सरकारी सेवा सातत्य प्रदान करे यह अपेक्षा करते हैं।'

### 'शिक्षण सेवक ' नहीं बल्कि 'परिविक्षाधीन शिक्षक'..

# आर टी आई से बड़ा खुलासा, शिक्षा विभाग के नये आदेश..

जगप्रेरणा गणेश भदाडे आमगांव।

***राज्य में शिक्षा क्षेत्र में 'शिक्षण सेवक' पदनाम का इस्तेमाल कई सालों से होता आ रहा है, लेकिन राइट टू इन्फॉर्मेशन से मिली अहम जानकारी के मुताबिक, यह पता चला है कि 2015 के बाद इस पदनाम में बदलाव करके इसे अधिकुत 'परिविक्षाधीन शिक्षक' नाम दिया गया।***

, यह पता चला है कि प्रशासन संस्थाचालक और कई काम करने वाले शिक्षक को इस बदलाव के बारे में ठीक से पता नहीं है, और आज भी नियुक्ति पत्र, आदेश और अधिकृत कागजो में 'शिक्षण सेवक' शब्द का ही ज़िक्र होता है।

ओबीसी नेता और शिक्षा क्षेत्र के अनुभवी, सेवावृत्ती अधिकारी शालिकराम कुकड़े ने राइट टू इन्फॉर्मेशन एक्ट के तहत इस बारे में पूछा था। उनकी आवेदन पर, नागपुर विभागीय शिक्षण उपसंचालक कार्यालय ने साफ किया कि महाराष्ट्र निजी स्कुल कर्मचारी सेवा शर्ती अधिनियम 2015 से बदलाव किया गया है और 'शिक्षण सेवक' पदनाम की जगह 'परिवेक्षाधीन शिक्षक' शब्द को अधिकृत रुप लागू किया गया है।

इस पार्श्वभूमी में, विभागीय उपसंचालक ने सभी शिक्षणाधिकारी, स्कूल प्रशासन और संस्थाचालक को निर्देश दिया है कि वे अब से नियुक्ति पत्र, सरकारी कागज और सेवा अभिलेख में 'शिक्षक परिवेक्षाधीन' शब्द का ज़िक्र करें।



खास बात यह है कि कई शिक्षक अभी भी खुद को 'शिक्षण सेवक' कह रहे हैं। इसलिए, उम्मीद है कि शिक्षक को अपने पद के बारे में पता होना चाहिए और 'परीवेक्षाधीन शिक्षक' का ज़िक्र करने से बचें और अधिकृत इसे 'शिक्षक परिवेक्षाधीन कालवधी' के रूप में लिखें।

बताया गया है कि इस ज़रूरी प्रशासन बदलाव के लिए, दक्षिण नागपुर के विधायक मोहन माटे, विधायक नरेंद्र भोंडेकर, शिक्षक विधायक सुधाकर अडबाले और महाराष्ट्र राज्य शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघटना विभागीय कार्यवाह जीवन सार्वे ने लगातार पाठपुरावा किया है और कोशिशें की हैं। शिक्षक भारती संगठन के जिला भंडारा के कार्याध्यक्ष विनोद किंडरले ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में हजारों शिक्षक को अपने अधिकारों और अपने पद की सही पहचान के बारे में पता होना चाहिए, और सरकार के बदले हुए नियमों को तुरंत लागू किया जाना चाहिए।

इस फैसले से शिक्षक के बीच एक बड़ी बहस छिड़ गई है, और अब सभी संबंधित यंत्रणा को सरकार के आदेश को सख्ती से लागू करना चाहिए। शिक्षक वर्ग की तरफसे यह मांग जोर पकड़ रही है। चूंकि अब शिक्षण सेवक को परिवेक्षाधीन शिक्षक पद सौंपा जाएगा, इसलिए उम्मीदें भी बढ़ गई हैं कि क्या समायोजन और तीन साल की इंक्रीमेंट लागू होगे यह उम्मीदें जागी है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# एसडीपीओ चानपुरकर का पुलिस पाटील संगठन द्वारा किया गया सत्कार..



जगप्रेरणा आमगांव।

***आमगांव विभाग की नवनियुक्त उपविभागीय पुलिस अधिकारी (एस डी पि ओ) नंदनी चानपुरकर का पुलिस पाटिल संगठन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर सत्कार किया गया।***

इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस पाटिल संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संगठन पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देगा। साथ ही पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में पुलिस पाटिलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर नगर, भी प्रकाश डाला गया। सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कुंदा नवनियुक्त उपविभागीय पुलिस अधिकारी नंदनी चानपुरकर ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता से निरंतर संवाद स्थापित कर पारदर्शी एवं जनहितकारी तरीके से कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में पुलिस पाटिल संगठन के जिला उपाध्यक्ष नर्मदा चुटे, तहसील अध्यक्ष सुरेश कोरे, प्रदीप चुटे, प्रदीप बावनथडे, किशोर दोनोडे, अशोक भांडारकर, संजय पुंड, गिरधारी रहिले, सुलोचना बहेकार, सरिता मेंढे सहित संगठन के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत की जाए..

### पिपरिया सरपंच गुणाराम मेहर ने कार्यकारी अभियंता को लिखा पत्र..





जगप्रेरणा सालेकसा।

***हाल ही में क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के कारण पिपरिया क्षेत्र की जी.प.सा. बा. तथा सा.बा. (रो.ह.यो.) के अधीन आने वाली मुख्य सड़कें गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।***

सड़क की खराब स्थिति के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। साथ ही सड़क के अत्यधिक जर्जर और दुर्घटनाग्रस्त होने से गल्लाटोला-गोंदिया मार्ग पर संचालित बस सेवा भी बंद हो गई है।

इस मार्ग से प्रतिदिन आने-जाने वाले विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पिपरिया के सरपंच गुणाराम मेहर ने मंगलवार, 07 जुलाई को गोंदिया स्थित जी.प.सा. बा. तथा सा.बा. (रो.ह.यो.) के कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर क्षतिग्रस्त एवं दुर्घटनाग्रस्त सड़क का तत्काल स्थानीक निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।इस संबंध में पत्र की प्रति क्षेत्रीय विधायक संजय पुराम को भी भेजी गई है। विधायक ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।

# जी. एच. रैसोनी मेमोरियल गोंदिया जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न..





जगप्रेरणा सालेकसा।

रैसोनी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित जी.एच. रैसोनी मेमोरियल गोंदिया जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का पुरस्कार वितरण समारोह बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री भोजराज चौधरी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

विशिष्ट अतिथियों में प्रो. प्रतिमा यादव, प्राचार्य, जी.के. महिला महाविद्यालय, कावराबांध, अधिवक्ता तौसीफ अहमद, श्री पवार (तालुका संयोजक), श्री शैलेन्द्र फुंडे (उपाध्यक्ष), श्री विशाल ठाकुर (क्रीड़ा शिक्षक, एस.आई.एस. स्कूल), श्री सिंघानिया, श्रीमती नेहा सिंघानिया तथा प्रतियोगिता के सचिव डॉ. महेंद्र हेमाने प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्लबों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। अंडर-11 बालक वर्ग में भवेश इसरका विजेता तथा संज सिंघनजुड़े उपविजेता रहे.अंडर-11 बालिका वर्ग में ग्रेस पुलकांति विजेता तथा अर्शित भगत उपविजेता रहीं।अंडर-13 बालक वर्ग में शर्वा शिंदे विजेता तथा दर्श जैन उपविजेता रहे। अंडर-15 बालक वर्ग में तनिष्क सिंघानिया विजेता तथा अथर्व गोस्वामी उपविजेता रहे। अंडर-15 बालिका वर्ग में लाबोनी शेंडे विजेता तथा संदीपन सारंगी उपविजेता रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में देवेश शेंडे विजेता तथा कनिष्क वाशिंक उपविजेता रहे। अंडर-17 बालिका वर्ग में लाबोनी शेंडे विजेता तथा रिया कनोजिया उपविजेता रहीं। अंडर-19 बालक वर्ग में सिद्धार्थ पवार विजेता रहे। अंडर-19 बालिका वर्ग में रिया कनोजिया विजेता तथा चार्वी राठौड़ उपविजेता रहीं। अंडर-19 बालक युगल वर्ग में पार्थ यादव एवं भूपेश हट्टीमारे विजेता रहे। इस वर्ग में सोम मोग्हे एवं अंश सिंघानिया उपविजेता रहे।

ओपन पुरुष एकल वर्ग में सिद्धार्थ पवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस वर्ग में आर्यन कुंभलवार उपविजेता रहे।ओपन महिला एकल वर्ग में लाबोनी शेंडे विजेता तथा रिया कनोजिया उपविजेता रहीं। ओपन पुरुष युगल वर्ग में सोम मोग्हे एवं शौर्य मोग्हे की जोड़ी विजेता रही तथा उन्हें 2,000रू. का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।इस वर्ग में रोहित कापगटे एवं प्रशांत लाडे की जोड़ी उपविजेता रही तथा उन्हें 1,500रू. का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में गोंदिया जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष राजकुमार कुठे का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

आयोजन में भवर दोये, कार्तिक पटेल, रवि पुलकांति, मुख्य रेफरी मुकुल अग्रवाल, पुरुषोत्तम घोटोले, राठौड़ तथा परमानंद फुंडे सहित सभी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.अंत में परमानंद फुंडे ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, अभिभावकों, सहयोगियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह राष्ट्रगान के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## 'मेरा गांव, स्वस्थ गांव' अभियान के तहत रावणवाड़ी में सीपीएचसी प्रशिक्षण संपन्न..

जगप्रेरणा गोंदिया।

ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'मेरा गांव, स्वस्थ गांव' अभियान के अंतर्गत गोंदिया जिले के रावणवाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कॉम्प्रिहेंसिव प्राइमरी हेल्थ केयर **(CPHC)** प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार एवं जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. राजेश बेलंकार एवं जिला बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन उईके ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में स्वास्थ्य कर्मियों को व्यापक मार्गदर्शन दिया। इस दौरान प्रशिक्षण नोडल अधिकारी डॉ. खोब्रागड़े, डॉ. पायल रहांगडाले, डॉ. सुवर्णा हुबेकर, अमित मंडल सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने और अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले ने कहा कि 'मेरा गांव, स्वस्थ गांव' अभियान के तहत फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे आयुष्मान भारत-सीपीएचसी सेवाओं को गति मिलेगी। उन्होंने नागरिकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों से जनसहभागिता बढ़ाकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। अभियान के प्रमुख उद्देश्यों में ग्रामीण नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी भागीदारी बढ़ाना, प्रत्येक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना, गांव स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना तथा आयुष्मान भारत-सीपीएचसी के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी विस्तार करना शामिल है। यह महत्वपूर्ण अभियान राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर, राज्यमंत्री मेघना साकोरे-बोर्डीकर के मार्गदर्शन तथा प्रधान सचिव डॉ. निपुण विनायक, सचिव ई. रवींद्रन एवं स्वास्थ्य सेवा आयुक्त संजय काटकर के निर्देशन में पूरे महाराष्ट्र में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### झाड़ को नॉयलान रस्सी बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/7/2026 के सुबह 7 बजे के दरम्यान गोंडिटोला मे फर्यादी कैलाश रूमनलाल कुंजाम उम्र 42 वर्ष निवासी गोंडिटोला का भतीजा अशिश नैनसिंग कुंजाम उम्र 19 वर्ष ने अपने खेत मे पलसे के झाड को नायलान की रस्सी बांधकर फांसी लगाई है। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे रावणवाडी मे अकस्मात मौत क्रमांक 24/2025 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा चौधरी 87 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### शराब के नशे मे फांसी लगाकर गवाई जान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/7/2026 के रात ग्राम बोटे मे ललित दुर्जन नागोसे उम्र 28 वर्ष निवासी बोटे को शराब पिने की आदत थी। घटना के समय शराब के नशे मे स्लॅब के हुक को नायलान की रस्सी बांधकर फांसी लगाई, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोरेगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 20/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा विजय कोसमे 1220 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### मोटरसायकल की चपेट मे आने से बुर्जुग जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/7/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान कावराबांध मे आदुलाल दुलिचंद बल्हारे उम्र 60 वर्ष अपने गाव मे पैदल जा रहा था। जहां रास्ते मे सामने से आ रही मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 एक्स 9788 के चालक सुखदास दमाहे ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर आदुलाल को ठोस मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 333/2026 धारा 281,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच सफौ श्यामकुमार डोंगरे 752 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### तुने झाड़ की लकड़ी क्यो काटा बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/7/2026 के दोपहर 12 बजे के दरम्यान सितेपार मे फर्यादी मोतीराम रामलाल पटले उम्र 70 वर्ष निवासी सितेपार अपने खेत मे काम कर रहा था। धान मिलाने के लिये उसने झाड की लकड़ी तोडा उसी समय आरोपी ने आकर कहा मेरे झाड की लकड़ी क्यो तोडा बोलकर गालीगलोच कर मारपीट की बेटा बीच बचाव के लिये आया तो उसे भी मारपीट कर बाप बेटे को जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 656/2026 धारा 118,1,351,2,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सफौ तिरपुडे 882 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### घर के पोर्च से मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/7/2026 के रात दासगाव मे फर्यादी सुखदेव कवडु खरे उम्र 51 वर्ष निवासी दासगाव ने अपने घर के पोर्च मे मोटरसायकल रखी थी। रात के समय अज्ञात चोर ने पोर्च से शाईन मोटरसायकल किमत 50 हजार रुपये की चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 356/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा शरणागत पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) · इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) · (IUI) आय.यू.आय. · अधिक उम्र में मातृत्व · ओव्हम डोनेशन द्वारा · बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार · शुक्राणु बैंक सुविधा · सोनोग्राफी · हार्मोंस की जांच · हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज · दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## नव निर्वाचित सांसद राजेंद्र जैन का

# संत श्री लहरीबाबा आश्रम संस्थान कामठा द्वारा किया गया अभिनंदन..

### तुकडया बाबा का आशीर्वाद..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य राजेंद्र जैन आज गुरुवार, 9 जुलाई को संत श्री लहरीबाबा आश्रम संस्थान (मध्यकाशी), कामठा पहुंचे, जहां संस्थान के अध्यक्ष संत श्री तुकडया बाबा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत*

किया। सांसद राजेन्द्र जैन ने संत श्री लहरी बाबा की 'समाधि' एवं शिव मंदिर पर माथा टेका एवं पूजा अर्चना की। उन्होंने तुकडया बाबा का आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने आश्रम कैंपस का भी दौरा किया और वहाँ चल रहे विकास कार्यो का जायजा लिया। सांसद राजेन्द्र जैन ने संत लहरी बाबा के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए, संस्थान के विकास कार्यों में पूरा सहयोग देने का भी भरोसा दिलाया। संसद के ऊपरी सदन के लिए चुने जाने पर संत तुकडया बाबा के हाथों सत्कार किया गया। इस अवसर पर टीकाराम मेंढे, सुनील पटले, संजीव बापट, संस्थान के सचिव गोविंद मेश्राम, ट्रस्ट बोर्ड के दीपक कुंदनानी, जयंत खरकाटे, विजय सातपुड़े, अपूर्व मेठी, मुरलीधर वंजारी, कृपाल मरठे, संभाजी खोके, गोपालकृष्ण माने, खंडार, विश्वनाथ तरोने, महेश बान, रमाकांत रहांगडाले और अन्य मौजूद थे।

# ओबीसी आबादी के अनुपात में महाज्योति को 1,500 करोड़ रुपये का बजट दिया जाए - विधायक डॉ. परिणय फुके




जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र विधान परिषद में विधायक डॉ. परिणय फुके ने राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की आबादी के अनुपात में महात्मा ज्योतिबा फुले अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्था (महाज्योति) को 1,500 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराने की जोरदार मांग की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महाज्योति को मिलने वाला बजट ओबीसी समाज की जनसंख्या की तुलना में बेहद कम है और सरकार को अपने पूर्व आश्वासन के अनुसार शीघ्र 1,500 करोड़ रुपये की मंजूरी देनी चाहिए।*

विधान परिषद में चर्चा के दौरान डॉ. फुके ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सारथी, बार्टी और महाज्योति तीनों संस्थाओं को लगभग समान बजट दिया जाता है, जबकि सारथी लगभग 16 प्रतिशत मराठा समाज, बार्टी 13 प्रतिशत अनुसूचित जाति समाज और महाज्योति राज्य के लगभग 60 प्रतिशत ओबीसी समाज के लिए कार्य करती है। उन्होंने बताया कि ओबीसी वर्ग में साढ़े तीन सौ से अधिक जातियां शामिल हैं और करीब 7 करोड़ नागरिकों के शैक्षणिक एवं कौशल विकास की जिम्मेदारी महाज्योति पर है। ऐसे में अन्य संस्थाओं के बराबर बजट देना उचित नहीं है। डॉ. फुके ने सदन को याद दिलाया कि पिछले विधानसभा सत्र में सरकार ने महाज्योति को 1,500 करोड़ रुपये का बजट देने पर सकारात्मक रुख अपनाया था। तत्कालीन उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी जनसंख्या के अनुपात में बजट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसलिए सरकार को अब बिना किसी देरी के इस प्रस्ताव को मंजूरी देनी चाहिए।

चर्चा का जवाब देते हुए अन्य पिछड़ा बहुजन कल्याण मंत्री अतुल सावे ने बताया कि महाज्योति का बजट बढ़ाकर 1,500 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जा चुका है। अंतिम मंजूरी अभी शेष है, लेकिन अब तक संस्था के लिए 728 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वीकृत राशि में से 499 करोड़ रुपये विभिन्न योजनाओं के लिए, 1 करोड़ रुपये वेतन मद के लिए तथा 228 करोड़ रुपये नागपुर में महाज्योति के प्रशासनिक भवन एवं छात्रावास तथा नासिक में छात्रावास निर्माण के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।

मंत्री अतुल सावे ने यह भी जानकारी दी कि महाज्योति के माध्यम से 6,900 प्रशिक्षुओं और 14 हजार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रशिक्षण और सहायता प्रदान की जा रही है। पीएचडी विद्यार्थियों को भी अनुदान दिया जा रहा है। संस्था के सहयोग से अब तक 100 विद्यार्थियों ने यूपीएससी, 371 विद्यार्थियों ने एमपीएससी, जबकि लगभग 2 हजार विद्यार्थियों ने सेना, बैंकिंग और अन्य क्षेत्रों में सफलता हासिल की है।

डॉ. परिणय फुके ने कहा कि महाज्योति को मजबूत बनाना ओबीसी समाज के विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा, कौशल विकास और विदेश में शिक्षा के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए संस्था को जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपने पूर्व आश्वासन को पूरा करते हुए महाज्योति के लिए 1,500 करोड़ रुपये के बजट को शीघ्र मंजूरी देने की मांग दोहराई।

## भंडारा में 11 जुलाई को महायुति की ओर से

# नव निर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन व विधायक अविनाश ब्राह्मणकर का भव्य सम्मान समारोह





जगप्रेरणा भंडारा।

*भंडारा एवं गोंदिया जिला महायुति की ओर से हाल ही में संपन्न राज्यसभा एवं भंडारा-गोंदिया स्थानीय स्वराज्य संस्था विधान परिषद चुनाव में महायुति प्रत्याशी के रूप में विजयी हुए नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन तथा नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य अविनाश ब्राह्मणकर के सम्मान में भव्य*

सत्कार समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मान समारोह शनिवार, 11 जुलाई 2026 को दोपहर 1 बजे लक्ष्मी सभागृह (जे. एम. पटेल के समीप), भंडारा में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे करेंगे। समारोह की अध्यक्षता सांसद प्रफुल पटेल करेंगे। कार्यक्रम में भंडारा जिले के पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर, गोंदिया जिले के पालकमंत्री इंद्रनील नाईक तथा विधायक डॉ. परिणय फुके प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा विधायक राजकुमार बडोले, विजय रहांगडाले, विनोद अग्रवाल, नरेंद्र भोंडेकर, राजूभाऊ कारेमोरे, संजय पुराम, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, भाजपा संगठनकर्ता वीरेंद्र (बाला) अंजनकर, बीडीसीसी बैंक के अध्यक्ष सुनील फुंडे तथा प्रदेश महासचिव धनंजय दलाल सहित महायुति के कई वरिष्ठ पदाधिकारी समारोह में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। महायुति के नेताओं ने भंडारा एवं गोंदिया जिले के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों से बड़ी संख्या में समारोह में उपस्थित होकर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। यह आग्रह भाजपा जिला अध्यक्ष आसू गोंडाने, सीताताई रहांगडाले, राष्ट्रवादी कांग्रेस जिला अध्यक्ष नानाभाऊ पंचबुद्धे, प्रेमकुमार रहांगडाले, शिवसेना जिला प्रमुख अनिल गायधने, मुकेश शिवहरे तथा महायुति के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किया है।

# जि.प. सदस्य योपेन्द्र सिंह (संजय) टेंभरे के जन्मदिवस पर आज सेवा कार्यों के आयोजन..

### गोसेवा, वृक्षारोपण एवं छात्र छात्राओं को वितरित की जायेगी सामग्री..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिला परिषद के सदस्य योपेन्द्र सिंह (संजय) टेंभरे के जन्मदिन पर आज 10 जुलाई दिन शुक्रवार 2026 को विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन*

किया गया है। जिला परिषद सदस्य योपेन्द्र सिंह (संजय) टेंभरे के कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जि. प. सदस्य श्री टेंभरे आज सुबह से क्षेत्र के अलग-अलग आयोजनों में उपस्थित रहकर सेवा कार्यों में जुटे रहेंगे। जि.प. सदस्य श्री टेंभरे के जन्मदिन पर आज श्री टेंभरे सपरिवार सुबह 7:30 बजे चुटिया स्थित लक्ष्मी गौशाला में गौमाता की पूजन करेंगे। इसके बाद सुबह 8:00 बजे चुटिया के राम मंदिर में आयोजित पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 9:00 बजे वे निसर्ग फाउंडेशन द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे, वहीं सुबह 10:00 बजे चुटिया के जिला परिषद स्कूल में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके बाद सुबह 11:00 बजे चुटिया स्थित युवराजसिंह जूनियर कॉलेज परिसर में आयोजित हरी भक्त पारायण भजन मंडलों के सत्कार समारोह में भाग लेकर उपस्थित भजन मंडलों का सम्मान करेंगे।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा प्रोत्साहन एवं धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का उद्देश्य बताया गया है। स्थानीय नागरिकों से सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

## जनता सहकारी बैंक लिमिटेड गोंदिया शाखा लाखान्दूर (जिला भंडारा)

तहसील कार्यालय के सामने, साकोली रोड, लाखान्दूर, जिला भंडारा

### बैक के सभासदो एवं ग्राहको हेतु सूचना..

**सम्माननीय सभासद, ग्राहक तथा हितचिंतकों को सूचित किया जाता है कि जनता सहकारी बैंक लिमिटेड गोंदिया शाखा लाखान्दूर कार्यालय स्थानांतरण सोमवार दिनांक 13 जुलाई 2026 को तहसील कार्यालय के सामने, साकोली रोड, लाखान्दूर जिला भंडारा किया जा रहा है। कृपया नोंद करें। नया पत्ता - जनता सहकारी बैंक लिमिटेड, गोंदिया शाखा लाखान्दूर तहसील कार्यालय के सामने, साकोली रोड, लाखान्दूर जिला भंडारा**

लाखान्दूर
06/07/2026

अजित रामटेके
प्रभारी शाखा व्यवस्थापक
जनता सहकारी बैंक लिमिटेड
गोंदिया शाखा लाखान्दूर

# छात्रवृत्ति परीक्षा में गुजराती नेशनल हाईस्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*श्री गुजराती राष्ट्रीय केलवणी मंडल, गोंदिया द्वारा संचालित गुजराती नैशनल हाइस्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 5 तथा 8 के छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित*

किया है। इस वर्ष आयोजित परीक्षा में विद्यालय से 15 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की जिनमें से 4 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए पात्रता हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

छात्रवृत्ति के लिए पात्र विद्यार्थीयों में कु. ईशानी बंसोड, कु. सौम्या खैरवार, मा. शौर्य मेश्राम, कु. प्रत्युषा राठौड़, ने सफलता प्राप्त की। इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा विद्यालय के शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन को जाता है। विशेष रूप से रोहित लिल्हारे सर, श्रीमती रश्मि गुप्ता मैडम एवं अन्य शिक्षकगणों के सतत प्रयासों से विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि प्राप्त की। इस सफलता पर संस्थाध्यक्ष श्री प्रफुलभाई पटेल, गोंदिया शिक्षण संस्था की अध्यक्षा श्रीमती वर्षाबेन पटेल, संस्था उपाध्यक्ष श्री जयेशभाई पटेल, श्रीमती अमीबेन पटेल , सचिव श्री अजयभाई वडेरा, सहसचिव श्री चंद्रेशभाई माधवानी, श्री मयुरभाई जडेजा, संस्था के सभी पदाधिकारीगण, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रिजवाना अहमद, पर्यवेक्षक श्री अरविंद पाटील तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकवृन्द एवम् कर्मचारीगणों ने सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेंगे।

SONO VIEW
SONOGRAPHY · X-RAY · CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
Color Doppler · Power Doppler Imaging · B-flow Imaging · Tissue Harmonic Imaging · Transrectric & TV Sonography · Pediatric Sonography · Orbital Sonography · Breast, Thyroid, Scrotal Sonography · Neonatologist Neurosonogram · 2 D Echo Cardiography · Foetal Echo · Whole Body Ct Scan · Digital X-ray Digital Radiography System · M.R.I.
DIGITAL X-RAY
2D, 3D/4D High Resolution Sonography · 2D Echo · Colour Doppler · Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY | C.T. SCAN

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

## जाहीर सूचना

मेरे पक्षकार श्री गजेंद्र ददुलाल तुरकर, निवासीः टेढ़वा, पोस्ट : दासगांव, गोंदिया, तहसिल व जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) को उनकी निम्नलिखित संपत्ति गहाण रखकर कर्ज प्रदान किया जा रहा है। श्री. गजेंद्र ददुलाल तुरकर की खास मौजा - कुड़वा, त. सा. क्र. 26, थाक नंबर 80, ता. जि. गोंदिया, ग्राम पंचायत सरहद कुड़वा स्थित गट क्रमांक : 622/53, प्लॉट नंबर - 05, जिसका कुल क्षेत्रफल 111.5 चौ. मी. अर्थात 1200 चौ. फुट अर्थात 0.01 हे. आर. जो कि उन्होंने श्री. भूषण शिवप्रसाद भंवरे, निवासी सिव्हील लाईन, गोंदिया, तहसिल व जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) से नोंदणीकृत बिक्रीपत्र क्र. गडय - 1008/2001 दी. 07.03.2001 (दु. नि. गोंदिया) द्वारा खरीदी की हुई है। उपरोक्त संपत्ति से संबधित निम्नलिखित दस्तावेज (अभिहस्तांतरणपत्र/बिक्रीपत्र/ खरीदी खत) वर्तमान में गुम हो चूका है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दस्तावेज प्राप्त हो, तो वह कृपया इसे तुरंत मेरे पक्षकार अथवा मुझे सौंप दें। साथ ही, यदि किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक का उपरोक्त दस्तावेज अथवा संपत्ति से संबंधित कोई दावा, आपत्ति या लेन-देन हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशित होने के तुरंत बाद अथवा जानकारी प्राप्त होने पर हमसे संपर्क करें।

गोंदिया
दि. 08.07.2026

एडवोकेट
नितेश कुमार एस. पोपट

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com